वर्ष 23, अंक 234, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    बुधवार 18 सितम्बर 2024    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### हमारी अनुमति के बिना न करें कार्रवाई

## सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर देशभर में लगाई रोक





**नई दिल्ली।**
**देशभर** में बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है. सुप्रीम कोर्ट में अब इस मामले की अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को होगी. सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया कि अगली सुनवाई तक हमारी अनुमति लेकर ही एक्शन लें.

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार अब 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर रोक लग गई है. हालांकि, कोर्ट ने साफ किया कि सड़क, फुटपाथ या रेलवे लाइन को रोककर किए गए अवैध निर्माण पर यह निर्देश लागू नहीं होगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सभी पक्षों को सुनकर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर देश भर में लागू होने वाले दिशा निर्देश बनाएगा.

'बिना हमारी अनुमति नहीं चलेगा बुलडोजर'- सुप्रीम कोर्ट

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच का ये निर्देश अलग-अलग राज्य सरकारों की ओर से दंडात्मक उपाय के तौर पर आरोपी व्यक्तियों की इमारतों को ध्वस्त करने की कार्रवाई के खिलाफ लगी याचिका पर दिया. सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश देते हुए कहा कि 1 अक्टूबर तक बिना हमारी अनुमति के देश में कहीं पर भी बुलडोजर एक्शन नहीं होगा.

याचिकाकर्ता जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया है कि बीजेपी शासित राज्यों में मुसलमानों को निशाना बनाकर बुलडोजर एक्शन लिया जा रहा है. सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अधिकारियों के हाथ इस तरह से नहीं बांधे जा सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर लगाई रोक, अखिलेश बोले- इससे न्याय नहीं हो सकता, यह लोगों को डराने के लिए था



**भाजपा** सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने कहा कि विपक्ष की आवाज को जानबूझकर दबाने के लिए बुलडोजर चलाया गया। मैं इस निर्देश के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देता हूं जिससे बुलडोजर बंद हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूरे भारत में उसकी अनुमति के बिना बुलडोजर से तोड़फोड़ पर 1 अक्टूबर तक रोक लगा दी, और जब तक तोड़फोड़ सार्वजनिक सड़कों, जल निकायों, रेलवे लाइनों पर न हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह भूमि के नगरपालिका कानूनों के तहत संपत्तियों को कब और कैसे ध्वस्त किया जा सकता है, इस पर निर्देश बनाएगी।

इसको लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव का बयान सामने आया है।

### 'एक हफ्ते की रोक से आसमान नहीं गिर जाएगा'- सुप्रीम कोर्ट

**हालांकि,** पीठ ने नरमी बरतने से इनकार करते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह के लिए तोड़फोड़ रोक दी जाए तो 'आसमान नहीं गिर जाएगा'. पीठ ने कहा कि उसने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह निर्देश पारित किया है.

जस्टिस विश्वनाथन ने सुनवाई के दौरान कहा कि अगर अवैध विध्वंस का एक भी उदाहरण है तो यह संविधान की भावना के विरुद्ध है ।

## 'आतिशी जी को बहुत बहुत शुभकामनाएं'- अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली।**
आतिशी दिल्ली की अगली सीएम होंगी. आप विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगाई गई. अब अरविंद केजरीवाल की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने एक्स पर लिखा 'आतिशी जी को बहुत बहुत शुभकामनाएं.'

वहीं सीएम पद के लिए चुने जाने के बाद आतिशी ने कहा कि उन्हें दुख है कि अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ही उनके जैसे नेता को ऐसी जिम्मेदारी दे सकती है. बता दें कि विधायक दल की बैठक में अरविंद केजरीवाल ने ही आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे पर सबने सहमति जताई.

सीएम केजरीवाल ने आतिशी को यह बधाई पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के एक सोशल मीडिया पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए दी है. जिसमें सिसोदिया ने आतिशी की तारीफ की है तो साथ ही पीएम मोदी पर जमकर प्रहार भी किया है।

### हटाए गए विनीत कुमार गोयल, मनोज कुमार वर्मा होंगे कोलकाता के नए पुलिस कमिश्नर

**कोलकाता**
**पिछले** महीने कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर डॉक्टर 10 अगस्त से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को मनोज कुमार वर्मा को नया कोलकाता पुलिस आयुक्त नियुक्त किया। ऐसा तब हुआ जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरजी कर गतिरोध को हल करने के लिए आंदोलनकारी डॉक्टरों से मुलाकात की।

## 'हमारी योजना इस सरकार के कार्यकाल के दौरान ही 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की व्यवस्था लागू करने की है'



**नई दिल्ली।**
मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया. इस दौरान अमित शाह से वन नेशन-वन इलेक्शन पर सवाल पूछा गया. अमित शाह ने कहा कि इसी सरकार के कार्यकाल में वन नेशन-वन इलेक्शन का बिल लाया जाएगा.

अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही वन नेशन-वन इलेक्शन को लागू करेगी. अमित शाह ने कहा, 'हमारी योजना इस सरकार के कार्यकाल के दौरान ही 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की व्यवस्था लागू करने की है.' प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे.

पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है. पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में कहा था,

'देश को एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए आगे आना होगा. 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए गए प्रमुख वादों में से एक है.

समिति ने क्या सिफारिश की?

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी।

### एक लोटा जल चढ़ा दो और जीवन में कुछ काम मत करो - भूपेश



**रायपुर। कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को सनातन धर्म को लेकर एक ऐसा बयान दे दिया, जिस पर बीजेपी हमलावर हो सकती है।

कांग्रेस नेता ने सनातन धर्म को लेकर कहा, ह्लएक लोटा जल चढ़ा दो और जीवन में कुछ काम मत करो, बच्चों को मत पढ़ाओ, खेत में काम मत करो, बस एक लोटा जल चढ़ा दो, तो सब कुछ ठीक हो जाएगा। इस तरह की धारणा लोगों में बनी हुई है।

उन्होंने आगे कहा, ह्लइसे हम आस्था नहीं कह सकते हैं। यह आस्था नहीं, बल्कि भाजपा द्वारा फैलाया गया अंधविश्वास है।

बता दें कि भूपेश बघेल ने यह बयान बालोद जिले के गुरुर ब्लाक के ग्राम जेवरतला में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म का जिक्र करके भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों के बीच सनातन का सहारा लेकर झूठ और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है, जिसे हम किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं। अगर हमने इसे स्वीकार किया, तो इससे आने वाले दिनों में सामाजिक व्यवस्था पर प्रहार होगा।

भूपेश कांग्रेस के इकलौते नेता नहीं हैं, जिन्होंने सनातन पर विवादित बयान दिया हो, बल्कि इससे पहले भी इस पार्टी के कई नेता इस तरह के विवादित बयान दे चुके हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक ने सनातन धर्म को बीमारी बताया था। उन्होंने अपने बयान में कहा था कि जो धर्म लोगों के साथ मानवीय व्यवहार नहीं कर सकता, लोगों को समानता के अधिकारों से वंचित रखता है।

### माताओं-बहनों के लिए सुभद्रा योजना का शुभारंभ करने का अवसर मिला

## ओडिशा की पावन धरती पर आने का सौभाग्य मिला



**ओडिशा**
**ओडिशा** के गवर्नर रघुबर दास जी, यहां के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मोहन मांझी जी, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मेरे सहयोगी जुएल ओराम जी, धर्मेंद्र प्रधान जी, अन्नपूर्णा देवी जी, ओडिशा के डिप्टी सीएम के. वी. सिंहदेव जी, प्रभाती परीडा जी, सांसदगण, विधायकगण, देश के कोने-कोने से आज हमारे साथ जुड़े हुए सभी अन्य महानुभाव और ओडिशा के मेरे भाइयों और बहनों। भगवान जगन्नाथ की कृपा से आज एक बार फिर मुझे ओडिशा की पावन धरती पर आने का सौभाग्य मिला है। जब भगवान जगन्नाथ की कृपा होती है, जब भगवान जगन्नाथ जी का आशीर्वाद बरसता है, तब भगवान जगन्नाथ की सेवा के साथ ही जनता जनार्दन की सेवा का भी भरपूर अवसर मिलता है।

आज देश भर में गणेश उत्सव की धूम है, गणपति को विदाई दी जा रही है। आज अनंत चतुर्दशी का पावन पर्व भी है। आज ही विश्वकर्मा पूजा भी है। दुनिया में भारत ही ऐसा देश है, जहां श्रम और कौशल को विश्वकर्मा के रूप में पूजा जाता है। मैं सभी देशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की भी शुभकामनाएं देता हूं।

ऐसे पवित्र दिन अभी मुझे ओडिशा की माताओं-बहनों के लिए सुभद्रा योजना का शुभारंभ करने का अवसर मिला है। और ये भी महाप्रभु की कृपा है कि माता सुभद्रा के नाम से योजना का आरंभ हो और स्वयं इंद्र देवता आशीर्वाद देने के लिए पधारे हैं।

आज देश के 30 लाख से ज्यादा परिवारों को यहीं भगवान जगन्नाथ जी की धरती से देशभर के अलग-अलग गांवों में लाखों परिवारों को पक्के घर भी दिये गए हैं। इनमें से 26 लाख घर हमारे देश के गांवों में और 4 लाख घर हमारे देश के अलग-अलग शहरों में ये घर दिए गए हैं।

### कंगना का हुआ हृदय परिवर्तन!

## सपा सांसद जया बच्चन की करने लगी जमकर तारीफ

**नई दिल्ली।**
बॉलीवुड की क्वीन और राजनेता कंगना रनौत अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। कंगना रनौत ने फिल्म में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। फिल्म को लेकर सिख समुदाय के लोगों ने विरोध किया है और कंगना को मारने की भी धमकी दी गयी हैं। वहीं दूसरी तरफ फिल्म पर सेंसर बोर्ड ने भी तलवार अटका रखी हैं। फिल्म की रिलीज फिलहाल अधर में अटकी हुई है लेकिन कंगना रनौत अपनी फिल्म की रिलीज के लिए जंग लड़ रही हैं। फिल्म के ट्रेलर से रोंगटे खड़े कर दिये थे इस लिए लोग भी फिल्म देखने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म एक कानूनी लड़ाई का दौर देख रही हैं। वहीं दूसरी कंगना रनौत अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए भी कई कार्यक्रमों में शामिल हो रही हैं। हाल ही में एक न्यूज शो के पैनल में कंगना रनौत बतौर गेस्ट शामिल हुईं। इस दौरान राजनीति और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सवाल उनसे पूछे गये।

### स्वाति मालीवाल ने आतिशी के खिलाफ खोला मोर्चा तो दिलीप पांडे बोले,

## 'राज्यसभा में आप की सांसद हैं और स्क्रिप्ट भाजपा की पढ़ती हैं'



**नई दिल्ली। आम** आदमी पार्टी (आप) की तरफ से सर्वसम्मति से आतिशी का नाम मुख्यमंत्री के लिए सामने आने के बाद इस पर विपक्षी पार्टियों और आम आदमी पार्टी के पूर्व नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। आतिशी के नाम को लेकर सभी ने ऐतराज जताया है और कहा है कि यह एक गलत फैसला है और दिल्ली वालों के साथ छल किया जा रहा है।

दरअसल, आप से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी का नाम दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर आगे आने के बाद निराशा व्यक्त की। आप सांसद स्वाति मालीवाल द्वारा आतिशी के माता-पिता पर अफजल गुरु को बचाने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखने के आरोपों पर आप नेता दिलीप पांडे ने तल्ख लहजे में प्रतिक्रिया दी है।

आम आदमी पार्टी के विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि स्वाति मालीवाल राज्यसभा आप से सांसद बनकर जाती हैं, लेकिन भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ती हैं। उन्हें अब भाजपा से राज्यसभा का टिकट लेने की कोशिश करनी चाहिए। अगर जरा सी भी शर्म और नैतिकता बची है तो वह इस्तीफा दें।

दरअसल, आप सांसद स्वाति ने ट्वीट किया था कि आतिशी के माता-पिता ने अफजल गुरु की फांसी का विरोध किया था और राष्ट्रपति को दया याचिका भेजी थी। आतिशी को लेकर स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा, "दिल्ली के लिए आज बहुत दुखद दिन है।

## मुझे गुलाबी होने की जरूरत नहीं... सीएम शिंदे

### सीएम शिंदे का अजीदादा पर तंज, क्या महायुति में सबकुछ ठीक नहीं है?




**मुंबई: महाराष्ट्र** में विधानसभा चुनावों से पहले जहां डिप्टी सीएम अजित पवार गुलाबी रंग में रंगे हुए हैं तो वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ किया है कि उन्हें गुलाबी रंग की जरूरत नहीं है। सीएम शिंदे के इस बयान को अजीत पवार के ऊपर तंज के तौर पर देखा जा रहा है। महाराष्ट्र में वित्त विभाग संभाल रहे उप मुख्यमंत्री अजित पवार लाडली बहन योजना का ऐलान करने के बाद नए अवतार में हैं। उनकी पार्टी ने गुलाबी रंग से मेकओवर किया है। डिप्टी सीएम अजीत पवार भी गुलाबी जैकेट पहने हुए नजर आते हैं। सीएम शिंदे के बयान के बाद अब महायुति में गुलाबी रंग को लेकर रंग में भंग पड़ गया है। चर्चा शुरू हो गई है कि क्या महायुति में सबकुछ ठीक नहीं है?

सवाल पर क्या बोले सीएम शिंदे?

डिप्टी सीएम अजीत पवार ने अपनी जन सम्मान यात्रा के दौरान गुलाबी रंग की बस के अलावा गुलाबी जैकेट पहन कर सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। जब इस बारे में सीएम एकनाथ शिंदे से पत्रकारों ने पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे गुलाबी रंग की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे कपड़ों का रंग सफेद है। वह किसी भी रंग को फीका कर सकते हैं और किसी भी रंग में मिला सकते हैं।

सीएम शिंदे के इस बयान के बारे में जब अजित पवार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सही कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफेद रंग अच्छा और साफ होता है। अजीत पवार संयोग से सफेदा कुर्ते में थे तो उन्होंने कहा कि यही वजह है कि उन्होंने आज सफेद रंग का कुर्ता-पायजामा पहना है। राजनीतिक हलकों में चर्चा हो रही है कि क्या महायुति के अंदर रंग फीके पड़ रहे हैं?

रंगों पर नेताओं की बयानबाजी

विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने सीएम शिंदे के बयान पर और नमक रगड़ दिया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार का रंग काला है। इसके जवाब में शिवसेना शिंदे समूह के नेता संजय शिरसाट ने ठाकरे समूह पर पलटवार करते हुए कहा कि अब आप केवल हरे रंग की राजनीति करते हैं और अपनी रैलियों में औरंगजेब जिंदाबाद कहते हैं ।

## सीएम योगी ने बारिश के बीच 'नमो प्लॉगेथॉन' को हरी झंडी दिखाई



**वाराणसी। उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बारिश के बीच स्वच्छता पखवाड़ा 'स्वच्छता ही सेवा' का शुभारंभ किया।

इसके तहत सीएम ने नमो प्लॉगेथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता वॉलंटियर्स को भी रवाना किया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर यह आयोजन किया गया।

सीएम योगी ने स्वच्छता का संदेश देते हुए झोला व 'स्वच्छता ही सेवा' टी-शर्ट भी लोगों को भेंट किया। नमो प्लॉगेथॉन के तहत सैकड़ों वॉलंटियर्स तेज बारिश के बीच जुबां पर 'भारत मां की जय, वंदे मातरम और हाथों में छाता लिए' रैली में शामिल हुए।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन है। पीएम मोदी आज 74 साल के हो गए हैं। पीएम मोदी के भारत के 14वें प्रधानमंत्री हैं। नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

# घूस न देने पर संविदा कर्मी ने एक किलो वाट कनेक्शन पर बढ़ाया दो किलो वाट का अधिभार

**अवैध वसूली में लिप्त संविदा कर्मी मीटर रीडर बन विद्युत उपभोक्ताओं की जेब पर खुलेआम डाल रहा है डाका**

**घर में मीटर न होने की दशा में जहां ग्रामीणों ने संविदा कर्मी पर पांच सौ रुपया घूस मांगने का आरोप लगाया, वहीं मीटर के नाम पर घर में घुसे संविदा कर्मी पर महिलाओं ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप कहा - विद्युत एसडीओ सिरसा ने कार्यवाही नहीं किया तो जायेगे कोर्ट**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** अवैध वसूली में लिप्त कथित मीटर रीडर के कारनामें से क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता इन दिनों काफी परेशान हो गए हैं।मीटर रीडिंग चेक करने के नाम पर बिजली उपभोक्ताओं की जेब पर खुलेआम डाका डाल रहे संविदा कर्मी घूस न मिलने की दशा में बिना मीटर लगे ही एक किलो वाट के कनेक्शन पर मनमाने ढंग से दो किलो वाट का अधिभार बढ़ाकर उपभोक्ताओं को नई मुसीबत में डाल दिया है। प्रकरण कठौली गांव का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को विकास खंड उरुवा के कठौली में संविदा कर्मी ओम प्रकाश पटेल अपने तीन चार संविदा कर्मियों के साथ पहुंचा और स्वयं को मीटर रीडर बताकर ग्रामीणों के घरों में घुस कर मीटर चेक करने लगा। इस दौरान कई उपभोक्ताओं ने बताया कि कठौली गांव के प्रजापति बस्ती में विभाग द्वारा मीटर नहीं लगाया गया है और यहां सभी विद्युत उपभोक्ता एक किलो वाट के कनेक्शन धारक हैं साथ ही साथ नियमानुसार प्रतिमाह विल भी जमा करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि घर में मीटर न लगे होने की दशा में उक्त संविदा कर्मी द्वारा पांच सौ रुपया बतौर घूस यह कहकर मागा जा रहा था कि कनेक्शन एक किलो वाट है लेकिन लोड अधिक है। इतना ही नहीं ग्रामीण उपभोक्ताओं का यह भी आरोप है कि जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने संविदा कर्मी ओम प्रकाश एवं उसके सहयोगियों को पांच सौ रुपया नहीं दिया उस उपभोगता के कनेक्शन का अधिभार बिना विभाग के किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के ही दो किलो वाट करके काफी फजीहत में डाल दिया है। ऐसे में ग्रामीणों ने नवागंतुक एसडीओ सिरसा से मामले को स्वतः संज्ञान लेने और भ्रष्टाचार में लिप्त संविदा कर्मी ओम प्रकाश के विरुद्ध कड़ा एक्शन लेने का अनुरोध किया है। इस संबंध में कई गृहस्थ महिलाओं ने मीटर के बहाने घर में घुसे संविदा कर्मी ओम प्रकाश पटेल पर अश्लील हरकत और छेड़खानी करने का भी आरोप लगाते हुए चेतावनी दिया है कि यदि विद्युत एसडीओ सिरसा द्वारा ऐसे कुकृत्य करने वाले संविदा कर्मी पर त्वरित एक्शन नहीं हुआ तो वे पुलिस प्रशासन और न्यायालय में जाने को बाध्य हो जाएंगी। हालांकि प्रकरण के बावत अधिशाषी अभियंता विद्युत से वार्ता करने की कोशिश की गई किंतु उनका मोबाइल कवरेज क्षेत्र के बाहर बता रहा था।

## उत्पीड़न को लेकर रोजगार सेवकों का धरना प्रदर्शन आज

**प्रतापपुर।** ईपीएफ, बकाया मानदेय सहित अन्य समस्याओं को लेकर ग्राम रोजगार सेवक आज जनपद के सभी ब्लाकों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपेंगे। उक्त जानकारी देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार ने बताया की रोजगार सेवकों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इस मंहगाई में भी अल्प मानदेय में काम कर रहे रोजगार सेवकों के मानदेय से पिछले 8 वर्षों से ईपीएफ की कटौती की जा रही है परन्तु उस धनराशि को आज तक यूएएन खाते में नहीं जमा किया गया जिससे जहां रोजगार सेवकों को आर्थिक क्षति पहुंच रही है वहीं वह अन्य सुविधाओं से भी वंचित है। मनरेगा मजदूरों की आनलाइन उपस्थित दर्ज करने को लेकर भी अधिकारियों द्वारा रोजगार सेवकों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है जबकी आए दिन एप में तकनीकी खराबी के चलते काम में लगे मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती है जिससे मजदूरी का भुगतान करने में भी समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा की अगर एक सप्ताह में रोजगार सेवकों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो संगठन सामूहिक रूप से हड़ताल करने के साथ ही 30 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी का घेराव करेगा।

# इफको में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर की गई संयंत्र की उन्नति की कामना

**इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया के साथ ही अन्य अधिकारियों ने किया हवन**

अखंड भारत संदेश



**फूलपुर।** इफको फूलपुर संयंत्र के केन्द्रीय कार्यशाला (यांत्रिक) में मंगलवार को इफको के अधिकारियों द्वारा देश शिल्पी विश्वकर्मा भगवान की भव्य पूजा अर्चना पूरे विधि-विधान के साथ की गई। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने मुख्य यजमान डी.एन.मिश्र के साथ सर्वप्रथम गणपति एवं विश्वकर्मा भगवान की पूजा, हवन एवं आरती कर संयंत्र की उन्नति हेतु प्रार्थना की। इस दौरान अधिकारियों द्वारा इफको संयंत्र के सभी विभागों व नैनो संयंत्र में मशीनों की पूजा की गई। मौके पर महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी, पी.के.सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः डॉ. अनिता मिश्रा, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के. सिंह, ए.के.गुप्ता, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव समेत इफको के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पीएम जन्म दिवस पर ब्लाक कर्मियो ने चलाया स्वच्छता सेवा अभियान



**करछना** विकास खंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर ब्लाक कर्मियो ने चलाया स्वच्छता सेवा अभियान इस अवसर पर करछना विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी उदय भान?,एडीओ पंचायत रामशिरोमणि तिवारी मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला प्रधान संघ महामंत्री धीतेश तिवारी सचिव रामसकल सचिव संजीव श्रीवास्तव सचिव दीपेश सिंह दुष्यन्त प्रताप सिंह अतुल कुमार मिश्र, अरविंद कुमार दीप्ति मिश्रा,कमल सिंह,आशीश सिंह, ममता पांडे रवि कुमार प्रधान वीरपुर, महेंद्र कुमार यादव अध्यक्ष रोजगार सेवक संघ करछना, सचिन सिंह, सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मियों के अलावा सफाई कर्मी मौजूद रहे, एडीओ पंचायत रामश्रीरोमणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना था देश को स्वच्छ बनाने का उनके पहल पर आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक करछना की ओर से स्वच्छता सेवा अभियान चलाकर गांव स्तर पर स्वच्छता अभियान को लेकर जागरूकता लाने का एक संदेश दिया जिससे शहर गांव कस्बा स्वच्छता के प्रति अग्रसर हो गांव घर स्वच्छ रहेगा तो अनेकों प्रकार की बीमारियों से बचाव भी किया जा सकता है इसलिए प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों में जागरूकता लाने के लिए यह अभियान गांव स्तर पर चलाकर स्वच्छ बनाने का अभियान सेवा पखवारा के रूप में शपथ दिलाई गई।

## पीएम के जन्मदिन पर सेवा पखवारा अंतर्गत रक्त दान कर चलाया स्वच्छता अभियान



**करछना** तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना मे सेवा पखवारा के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा करछना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि अभिजात मिश्र प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा शैलेंद्र मौर्य जी सुशील त्रिपाठी महामंत्री काशी क्षेत्र जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति जी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा सुधाकर पांडे अधीक्षक करछना डाक्टर के वी सिंह जी देवी सिंह पटेल जय व्रत सिंह, प्रीतम पांडे रिंकू सिंह राजकुमार मिश्रा , शिवा पांडे लक्ष्मी शंकर पांडे नरेश सोनकर सहित बड़ी संख्या मे भाजपा वर्कर नेता गण मौजूद रहे।

## गणपति बप्पा मोरया से गुंजायमान हुआ नेवादा, बरौना गांव



**जंघई।** सार्वजनिक गणेश उत्सव मंडल समिति नेवादा बरौना, पतवां गांव में गणपति पूजन समारोह धूमधाम से मनाया गया। गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक गणेश भगवान का पूजन अर्चन आरती किया गया तत्पश्चात पूणाहुति हवन, आरती प्रसाद का वितरण कराया गया। इस दौरान भक्ति रस में पूरा गांव सराबोर रहा विसर्जन के पूर्व रात्रि में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दिया। गणपति विसर्जन के पूर्व आचार्यों द्वारा विधि विधान से गणेश भगवान की पूजा करवाई गई एवं शंख ध्वनि के बीच गणेश भगवान की आरती उतारकर जयकारों के साथ विसर्जन शोभायात्रा गाजे बाजे, ढोल नगाड़े, डीजे संग निकाली गई। इस अवसर पर समिति के संस्थापक पंडित गणेश मोहन मिश्र, अशोक कुमार मिश्र, आशीष कुमार मिश्र, सुनील कुमार मिश्र प्रधान, विजय शंकर मिश्र विवेक मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, निखिल मिश्रा सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## अनुवां गौतमबुद्ध नगर जाने वाली सड़क की मरम्मत हेतु ग्रामीणों की मांग



**जंघई।** अनुवां-चनेथू मार्ग से अनुवां गौतमबुद्ध नगर बस्ती में जाने वाली सड़क जिसका निर्माण 2003 में हुआ था मरम्मत के अभाव में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गई है सड़क पर सिर्फ गिट्टियां बची हुई है लोग गिरकर फिसलकर चुटहिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से सड़क की मरम्मत हेतु मांग किया लेकिन अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं हुई जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। छविलाल, बृजेश, बाबा, मुकुंद लाल, सुरेश, सुशील यादव, जीपी चमार, मटरू चमार, जगबली चमार, अमित चमार, मनोज चमार आदि लोगों ने सड़क की मरम्मत हेतु मांग किया है।

# संगठन की नीतियों पर चलकर रिपब्लिकन पार्टी को प्रयागराज में करूंगा मजबूत : संजय गौतम

**कहा - प्रयागराज के साथ साथ गंगापार और यमुनापार में पदाधिकारियों का गठन कर सदस्यता अभियान चलाकर पूरी निष्ठा तथा ईमानदारी से निर्वहन करुंगा जिम्मेदारी,पार्टी होगी मजबूत**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी और संगठन नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलकर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करूंगा। उक्त उद्गार रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के नवागंतुक जिलाध्यक्ष प्रयागराज संजय गौतम ने मेजा के बंधवा गांव स्थित आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जिस भरोसा और विश्वास के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के राज्य मंत्री रामदास आठवले जी ने प्रयागराज जैसे जिले का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दिया है उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का काम करूंगा। श्री गौतम ने आगे कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसे गरीब परिवार के एक छोटे कार्यकर्ता को जमीन से उठाकर पार्टी में सेवा करने का अवसर दिया है उससे मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इतना ही नहीं रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के प्रयागराज जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि हमारे लिए पार्टी का एजेंडा सर्वोपरि है। पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों पर चलकर पूरे प्रयागराज जनपद के साथ साथ गंगापार और यमुनापार क्षेत्रों में पार्टी पदाधिकारियों का गठन के पश्चात सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को मजबूती प्रदान करना ही हमारी प्राथमिकता होगी। उल्लेखनीय है कि विकास खंड मेजा के बंधवा गांव निवासी संजय गौतम रामखेलावन गौतम के पुत्र हैं इनके पिता पीडब्ल्यूडी विभाग में मेठ के पद से अवकाश प्राप्त हुए हैं। संजय को बचपन से ही राजनीति का शौक रहा है। इसके पूर्व वे कई राजनैतिक दलों में बतौर जुझारू पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्य कर चुके हैं। श्री गौतम समाज में किसी भी जाति एवं धर्म के लोगों पर हो रहे अन्याय एवं अत्याचार के विरोधी हैं। सबका साथ व सबका विकास ही उनका नारा है। गौरतलब है कि प्रयागराज की कमान संभालने के बाद श्री गौतम जहां पार्टी की मजबूती के लिए रात दिन कड़ी मशक्कत करने में लगे हुए हैं वहीं क्षेत्र के तमाम राजनैतिक दलों तथा संभ्रांत लोगों द्वारा बधाइयां देने का भी सिलसिला जारी है।

## सर्प दंश की शिकार हुई महिला की हालात नाजुक निजी अस्पताल में भर्ती

**मऊआइमा।** भूसा निकालने गयी महिला को सर्प ने दंश लिया जिसे बेहोशी की हालत में निजि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा क्षेत्र के भदरपुर में राम कली 50 वर्ष पत्नी राम बरन भैंस को चारा देने के लिए भूसा निकालने गयी थी।बताते हैं कि भूसे में बैठा सर्प ने राम कली को डंस लिया। जिससे वह बेहोश हो गई।जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पत्नी ने पति के खिलाफ मार पीट का दर्ज कराया मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के दुबही गांव निवासिनि एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मारने पीटने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासनीय शहनाज बानों पुत्री स्वर्गीय सैज उद्दीन का आरोप है कि उसका पति दूसरी शादी किए है। आरोप है कि वह दूसरी पत्नी और उनके बच्चों के साथ रहता है। शहनाज बानों का आरोप है कि जब खाना खर्चा मांगती है तो उसे मारा पीटा जाता है और जान से मारने की धमकी दी गई । शहनाज बानों ने अपने पति जमाल उद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### पीएम मोदी के जन्म दिन पर लोकहित ट्रस्ट ने आयोजित किया निबंध लेखन प्रतियोगिता

**मेजा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर श्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज खानपुर में यमुनापार के माध्यमिक और इंटर कॉलेजों के छात्र छात्राओं की हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता प्रकाश चंद्र जुगमंदर दास अग्रवाल लोकहित ट्रस्ट के सौजन्य से मंगलवार को को आयोजित की गई जिसमें मौसम खराब होने और भारी बारिश के कारण कुल 45 विद्यालयों के 322, छात्र- छात्राएं ही प्रतिभाग किया। इस मौके पर ट्रस्ट के सचिव अनुज पांडे , विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज तिवारी, प्रवीण तिवारी, अब्दुल रहमान, प्रकाश तिवारी, विष्णु दत्त द्विवेदी आदि के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आईएएस एसडीएम जागृति अवस्थी की करछना से हुई शानदार विदाई



**करछना।** प्रयागराज आईएएस उपजिलाधिकारी जागृति अवस्थी का स्थानांतरण सोनभद्र सीडीओ के पद होने के बाद मगंलवार को बार एसोसिएशन के तत्वावधान विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे अधिवक्ताओं ने पुष्प गुच्छ और राम दरबार की प्रतिमा भेंट करते कार्यकाल को याद किया।इस दौरान बार के अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ल और महामंत्री हंसराज सिंह ने उनके द्वारा बार बेच समन्वय को याद करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं और वादकारियों की समस्या को सुना और निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहते हुए न्याय की पक्षधर रही। इस मौके वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र द्विवेदी, डीआर सिंह,शोभनाथ द्विवेदी, यूपी सिंह अमल पाण्डेय,सुनील द्विवेदी, यादव प्रसाद पटेल,उमेश चन्द तिवारी,अनुराग द्विवेदी, कुलदीप मिश्र रवि शुक्ला,रामेश्वर तिवारी, विनय द्विवेदी सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आठ लोगों को पीएम आवास की चाभी एवं 13 को स्वीकृत पत्र दिया गया



**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के परिसर में मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने विकास खण्ड क्षेत्र के आने वाले आठ पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाभी एवं 13 पात्र लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र सौंपा। इस मौके पर सांसद ने केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते हुए अपने संबोधन में कहा भाजपा सरकार हर गरीब के रहने के लिए पक्के आवास देने के लिए संकल्पित है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण स्तर पर हर जरूरतमंद को राशन कार्ड, मुफ्त इलाज के लिए गोल्डन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, उज्ज्वला योजना सहित महिलाओं के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण लाभकारी योजनाएं संचालित कर उनके जीवन स्तर में बदलाव ला रही है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह एवं भाजपा गंगापार जिला अध्यक्ष कविता पटेल ने कहा भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान विकास एवं उनकी समृद्धि के लिए ठोस कदम उठाकर आत्मनिर्भर बना रही है। इस मौके पर स्वच्छता के लिए दर्जन भर कूड़ा गाड़ी को मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर विभिन्न गांव में रवाना किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी देव कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , दिनेश कुमार चौरसिया, सच्चिदानंद पटेल, राम बहादुर, मयंक, विजय बहादुर, अरुण त्रिपाठी, अजय राणा, अविनाश सिंह, आसमा सिंह, ललिता यादव आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल का गिरा गेट, हादशा टला

**हनुमानगंज।** जमुनीपुर स्थित मोती लाल नेहरू इंटर कालेज का मुख्य द्वार मंगलवार को पूरे दिन हुई बारिश में भरभरा कर गिर गया। जिसकी वजह से स्कूल के अंदर जाने का मार्ग बाधित हो गया है। गनीमत रही कि जिस वक्त द्वारा गिरा बच्चे स्कूल से जा चुके थे। नही तो बड़ा हादशा हो सकता था। प्रधानाचार्य विमल कुमार उत्तम ने बताया कि स्कूल का द्वार 50 साल पुराना था। रोड़ चौड़ीकरण की वजह से द्वार की नींव कमजोर हो गई थी।

### पास्को एक्ट के आरोपी को सात साल की सजा पांच हजार जुर्माना

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के सेमरावीरभानपुर में 2015 में किशोरी के साथ दुराचार करने के आरोपी राजेश कुमार यादव पुत्र रामजी यादव को मंगलवार को एडीजीसी विनय तिवारी और ए डी जी सी मनोज सिंह उक्त सुनाई।जिसमें मऊआइमा इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह कोट मोहर्रिर अनमिका,हेड कांस्टेबल यशवन्त यादव ने उक्त मुकदमा में प्रभारी पैरवी की।जिसके फलस्वरूप दुराचार,पास्को एक्ट के आरोपी राजेश कुमार यादव को सात साल की सजा और पांच हजार का जुमार्ना लगाया गया।

## न्यूज झरोखा

### खड़ी ट्रक का दो टायर खोल ले गए अज्ञात चोर, ट्रक मलिक ने दी थाने में तहरीर




**उतरांव।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के अन्दवा आकाशवाणी केंद्र के पास चालक ट्रक खड़ा कर रात में सो गया। वही सुबह उठा तो अज्ञात चोरों द्वारा ट्रक से दो टायर खोल ले गए। चालक ने जिसकी जानकारी 112 नंबर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।जगतपुर थाना उतराव निवासी कैलाश यादव जिनका ट्रांसपोर्ट में ट्रक चलती है। वही रात में 2 बजे के करीब मॉल उतार के चालक ने आकाशवाणी केंद्र के पास ट्रक को खड़ा कर दिया और अंदर सो गया। रात में आज्ञात चोरों द्वारा ट्रक में लगे दो टायर को खोल ले गए सुबह जब चालक 6 बजे उठा तो टायर गायब देखकर उसके होश उड़ गए।फौरन 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। ट्रक मालिक कैलाश यादव ने सराय इनायत में थाने में आज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सराय इनायत इंस्पेक्टर पंकज कुमार से इस संबंध में बात हुई तो उनका कहना है कि मामले की जांच कर कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### स्वच्छ पर्यावरण एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए टोल प्लाजा भोपतपुर के पास हुआ पौधारोपण



**सहसों।** एक पेड़ मां के नाम योजना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहसों टोल प्लाजा पर पर्यावरण संरक्षण एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज मिश्रा ने पौधारोपण किया तथा उन्हें बड़े होने तक संरक्षित करने का लोगों को संकल्प दिलाया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत मानव के अच्छे स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पर्यावरण के लिए हंडिया से लेकर कोखराज तक दोनों तरफ नीम के पौधे तैयार कर रखे हैं। इसके अतिरिक्त जहां पर खाली स्थान है वहां पर नए पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर प्रोजेक्ट हेड अविनाश त्यागी, टोल प्लाजा मैनेजर शशि भूषण द्विवेदी, विवेक रंजन, चौकी प्रभारी सहसों शिव प्रताप सिंह, धीरज श्रीवास्तव, असिस्टेंट टोल प्लाजा मैनेजर राहुल तिवारी, मोनू सिंह एवं अजीत कुमार सिंह सहित नेशनल हाईवे एवं टोल प्लाजा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मैकेनिक दुकानों एवं गैरेज में मनाया गया भगवान विश्वकर्मा की जयंती



**सहसों।** क्षेत्र के कल कारखानों, छोटे उद्योगों, ऑटो गैरेज एवं वाहन एजेंसी में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही वर्षा होने के बावजूद भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी प्रकार सहसों में संतोष मोबाइल सर्विस सेंटर में संतोष कुमार, दीप इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल्स में सचिन व सोनू मौर्या ने, शुभम इनवर्टर सेंटर में राजेंद्र पांडे, दीपू टेलीकॉम दीपू प्रजापति, राजेश रेडियो सेंटर में अनुज मौर्य, संदीप ऑटो गैरेज एवं पप्पू ट्रैक्टर गैरेज आदि मे भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजन अर्चन एवं आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करते उनकी जयंती धूमधाम से मनाई गई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

### बाबा बूढ़े भोलेनाथ मंदिर बरना में कीर्तन का आयोजन




**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा बूढ़े भोलेनाथ झारी, बरना मंदिर पर श्री हरि कीर्तन एवं प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने बारह घंटे हरे रामा हरे राम, हरे कृष्णा हरे कृष्ण का पाठ किया तत्पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। बारिश होने के कारण मेले का आयोजन नहीं किया गया। कार्यक्रम में मुन्ना यादव प्रधान, आलोक सिंह सिम्पी, सचिन गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता, सहज प्रताप सिंह, सचिन सिंह, शंकर यादव सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# नाव पलटने से नदी की धारा में फंसे 12 व्यक्तियों को एनडीआरएफ व राजस्व विभाग ने बचाया

**मंगलवार को ग्राम-धरमपुर उर्फ घुरवा परगना सिकन्दरा थाना-थरवई तहसील फूलपुर जनपद प्रयागराज के गंगा नदी के कछारी क्षेत्र में 12 व्यक्ति मछली पकड़ने गये थे**





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंगलवार को ग्राम-धरमपुर उर्फ घुरवा परगना सिकन्दरा थाना-थरवई तहसील फूलपुर जनपद प्रयागराज के गंगा नदी के कछारी क्षेत्र में 12 व्यक्ति मछली पकड़ने गये थे। अतिवृष्टि एवं तेज हवाओं के कारण लगभग 10.30 बजे उनकी नाव तेज लहरों में फंस कर पलट गयी और वह लोग नदी की धारा में फंस गये। उक्त घटना की सूचना प्राप्त होते ही एन0डी0आर0एफ0 टीम के प्रभारी, अनिल कुमार तथा तपन मिश्र, उप जिलाधिकारी फूलपुर को मौके पर बचाव कार्य हेतु भेजा गया। एन0डी0आर0एफ0 तथा राजस्व विभाग की तत्परता से उक्त सभी 12 व्यक्तियों को सकुशल बचा लिया गया। जिनको प्राथमिक उपचार के उपरांत स्वस्थ्य होने की दशा में घर भेजा दिया गया। नाव पलटने से नदी में फंसे व्यक्तियों के नाम- 1 छंगू पुत्र रामकिशोर, ग्रा0 पैगम्बरपुर 2. अजयपाल पुत्र शीतल, ग्रा पैगम्बरपुर 3. सदाशिव पुत्र अमृतलाल, ग्रा0 माधवपुर 4. सुभाष पुत्र शीतल ग्रा0 पैगम्बरपुर। 5. राजकुमार पुत्र राजाराम, ग्रा0 पैगम्बरपुर 6. विजय पुत्र जवाहिर, ग्रा0 पैगम्बरपुर 7. विजय पुत्र मित्तल ग्रा0 पैगम्बरपुर 8. छोटू पुत्र खिचडीलाल, ग्रा0 शिवगढ़। 9. कलाऊ पुत्र रामकिशोर, ग्रा0 पैगम्बरपुर। 10. अवधेश पुत्र मुदल, ग्रा0 पैगम्बरपुर। 11. समशेर बहादुर पुत्र मुदल, ग्रा0 पैगम्बरपुर। 12. महेश कुमार पुत्र रामलखन ग्रा0 पैगम्बरपुर।

## गिट्टी कारोबारी के 4.40 लाख ठेकेदार ने हड़पे

**प्रयागराज।** एक गिट्टी कारोबारी ने शाहगंज थाने में ठेकेदार और उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कारोबारी का कहना है कि गिट्?टी मंगवाने के बाद भी उसके 4.40 लाख रुपए नहीं दिए गए।गिट्टी कारोबारी ने ठेकेदार से रकम वापस मांगी तो उसने जान से मारने की धमकी दी। शाहगंज पुलिस ने फैजल व उसके पिता आबदी नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यमुनापार के मेजा रोड के रहने वाले रंगबहादुर यादव गिट्टी कारोबारी हैं। रंगबहादुर ने शाहगंज पुलिस को तहरीर दी है कि तीन साल पहले शाहगंज के रहने वाले फैजल ने गिट्टी लिया था। उसके बताई गई जगह- फूलपुर गिरोखड़ा में 13.60 लाख रुपए की गिट्टी गिरा दी गई। ठेकेदार ने 9.20 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। 4.40 लाख रुपए बकाया रहे। तब कहा गया कि गिट्टी बिछने के बाद रकम भुगतान की जाएगी। कारोबारी का आरोप है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी रुपए नहीं दिए गए। रंगबहादुर का आरोप है कि बकाया भुगतान मांगने के लिए पहुंचे तो पिता-पुत्र ने जान से मारने की धमकी दी। कहा भाग जाओ यह मुस्लिम इलाका है। दोबारा आए तो बचकर नहीं जा पाओगे। जान से मार देंगे। शाहगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### महापौर उमेश चद्र गणेश केसरवानी ने 7 हजार लाभार्थियों को दिए आवास व प्रमाण पत्र



**प्रयागराज।** मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी के द्वारा वर्चुअल लाभार्थियों के आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिनके नाम वंदना,पूनम, माया देवी, कुसुम देवी, संगीता, पूजा, मंजू देवी, रानी देवी, रामरती, ज्योति भारतीय है इन लाभार्थियों को आवास की चाबी एवं प्रमाण पत्र महापौर उमेश चद्र गणेश केसरवानी द्वारा वितरित किया गया। जिला नगरीय विकास अभिकरण(डूडा) प्रयागराज द्वारा संचालित योजनान्तर्गत अब तक लगभग 7 हजार आवासों का गृह प्रवेश कराया गया है।उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, नगर अयुक्त नगर निगम प्रयागराज श चंद्र मोहन गर्ग सहित अन्य अधिकारीगण तथा डूडा के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नौकरी के साथ करें आईटीआई : मोहम्मद कौसर



**नैनी।** नैनी नई औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र को मिली अनुमति प्रयागराज की परिधि में आने वाले इंडस्ट्री के वर्किंग प्रोफेशनल को मिलेगा आईटीआई में प्रवेश नौकरी करने के साथ साथ आईटीआई में प्रवेश कर मुख्य ब्रांच फिटर इलेक्ट्रिशियन इलेक्ट्रिक मैकेनिक चार व्हील इंजन मैकेनिक कंप्यूटर टीचर वगैरह पाठ्यक्रमों में पेशेवर एवं नौकरी पेशा वाले प्रवेश ले सकेंगे इनकी कक्षाएं शाम को संचालित की जाएगी एवं इनको प्रकाशित पाठ सामग्री निशुल्क लेक्चर यूट्यूब द्वारा ऑनलाइन प्रदान किया जाएगा इसमें प्रवेश के लिए आईटीआई की वेबसाइट ६६६.ल्वल्ल३्.ङ्ग पर आवेदन कर सकते हैं इसमें कार्यरत पेशेवर नौकरी पैसा चाहे वह राज्य के या केंद्र के पब्लिक प्राइवेट कंपनी एमएसएमई को प्रवेश दिया जाएगा इस कोर्स में प्रवेश के लिए किसी कंपनी का फुल टाइम या पार्ट टाइम कर्मचारी होना चाहिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक के संघ के अधिकारियों ने बताया कि यह कावायद उद्योग के कर्मचारियों के भविष्य के लिए संजीवनी देने का काम करेगी आईटीआई का प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा दिया जाएगा जो कि हर प्रकार से नियमित आईटीआई के समतुल्य होगा।

## नियत तिथि तक लागबुक जमा नहीं कराने वाले वाहन स्वामियों को भुगतान किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा

**प्रयागराज।** नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी यातायात विनोद कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रयोग किये गये सभी निजी हल्के एवं भारी वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि उनके किराये-भाड़े का भुगतान उनके बैंक खाते में ई-पेमेन्ट के माध्यम से किया जाना है, जिनके वाहन उक्त निर्वाचन में प्रयोग किये गये हैं, वे अपने बैंक खाते की पासबुक की छायाप्रति, मोबाईल सं0 सहित, पोलिंग पर जाते समय ड्राईवर को उपलब्ध कराये गये रूटचार्ट की प्रति तथा लाग बुक (वाहन में लिये गये ईधन एवं तय की गयी दूरी के अंकन के साथ) संलग्न कर भारी वाहनों की धनराशि के भुगतान हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)/(प्रवर्तन) कार्यालय, (आरटीओ आफिस) तथा हल्के वाहनों की धनराशि के भुगतान हेतु नाजिर सदर, कलेक्टेªट, प्रयागराज के कार्यालय में प्रत्येक दशा में दिनांक 26.09.2024 तक अवश्य जमा कर दें। यदि नियत तिथि 26.09.2024 तक लागबुक जमा नहीं की जाती, तो उनके किराये-भाड़े का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी वाहन स्वामियों की होगी।

# नैनी क्षेत्र में दिन भर बारिश लोगों के लिए बनी आफत

**जमुना नगर व कई मोहल्ले में भर बरसात का पानी**

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में मंगलवार को दिन भर बारिश से चक रघुनाथ के जमुना नगर में भर बरसात का पानी लोगों के लिए बना मुसीबत आपको बताते चलें कि जमुना नगर मोहल्ले में थोड़ा सा भी पानी बरसता है तो बरसात का पानी भर जाता है। वहीं स्थानीय निवासी राकेश शर्मा सोनू विश्वकर्मा डॉ मोनू केसरवानी लखन शर्मा बताते हैं कि मोहल्ले की सीवर लाइन काफी पुरानी हो चुकी है। इस वजह से हमेशा पानी भर जाता है वही नैनी स्टेशन रोड पर भी बरसात का पानी भरने के कारण राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। नैनी स्टेशन रोड पर नाले का निर्माण नहीं किया गया। जिसकी वजह से बारिश के सीजन में यह सड़क जलभराव से बदहाल हो गई। नैनी गांव, छिवकी स्टेशन मार्ग पर कई जगहों पर भारी गड्ढे हो गए हैं और जल भराव के चलते वाहनों के साथ या पैदल चलकर मुश्किल है।

## 12वीं तक के विद्यालय बंद,बारिश के बाद बीएसए व डीआईओएस ने जारी किया आदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बाढ़ और लगातार हो रही बारिश को देखते हुए कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी स्कूल व कॉलेज कल 18 सितंबर के लिए बंद कर गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद के सभी परिषदीय व सभी बोर्ड के संचालित मान्यता प्राप्त विद्यालयबंद रहेंगे। इसका सख्ती से पालन कराए जाने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह पटेल में नौवीं से 12वीं तक के सभी विद्यालयों को बंद करने का निर्देश दिया है।दरअसल, मंगलवार को भोर से बारिश हो रही है, पूरे शहर में जल जमाव हो गया है, नाले भी ओवरफ्लो हो गए हैं। मौसम विभाग का अनुमान है अभी यह बारिश इस तरह से होती रहेगी।

## बारिश ने बढ़ाई बाढ़ पीड़ितों की मुशीबत

**झूंसी।** बारिश में बाढ़ पीड़ितों की मुसीबत और बढ़ा दी है बिना बिजली पानी के गांव में गुजर बसर कर रहे लोगों पर मंगलवार को बारिश कहर बनकर बरसी है। प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों को राहत के नाम पर आवागमन के लिए नाव ही मिली है। ग्रामीणों ने प्रशासनिक मदद की गुहार लगाई है।

गंगा जमुना में बाढ़ की रफ्तार तो थमी है मगर बारिश ने मुशीबत बढ़ा दी। गारापुर मार्ग बाढ़ की चपेट में होने की वजह से बदरा, सोनौटी, ढोलबजवा गांव के लोग नाव से आवागमन कर रहे थे मगर बारिश तेज हवा के कारण मंगलवार को नाव नही चलाई गई। लोगो को 20 किमी घूम कर सहसो से होकर काम पर जाना पड़ा। तीन दिन से गांव की बिजलीं भी कटी है लोगो को अब पानी के लिए हैण्डपम्प व कुँओं का सहारा लेना पड़ रहा है। मोबाइल चार्ज करने के लिए सहसो या झूंसी की ओर आना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की ओर से राहत के नाम पर सिर्फ आवागमन के लिए नाव मिली है ना तो मिट्टी का तेल मिला न ही चिकित्सीय सुविधा सब से अधिक मुशीबत जानवरो को हो रही है।

### नैनी में एस.के. मेकओवर नाम से खुला प्रथम मेकअप स्कूल




**नैनी।** नैनी क्षेत्र के नैनी बाजार स्थित धर्मशाला वाली गली में पहला मेकओवर स्कूल का उद्घाटन सोमवार को हुआ, सर्वप्रथम मेकओवर स्कूल के संचालिका शालिनी आर्या ने अपने पति कर्मवीर आर्या (वीरू) के साथ पूजा अर्चना की, भगवान श्री गणेश जी से स्कूल अच्छे तरह से चले कि कामना की। तत्पश्चात प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस मौके पर शालिनी आर्या ने बताया कि क्षेत्र में पहला मेकओवर स्कूल खुला है, जहां पर मेकअप के बारे में सभी प्रकार की टिप्स दिए जाएंगे। जिसका नाम एस.के. मकओवर रखा गया हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से संतोष, पल्लवी, अन्नू, पत्रकार अखिलेश शुक्ला, पत्रकार देवा श्रीवास्तव, पत्रकार राहुल जायसवाल सहित अन्य लोगो ने संचालिका शालिनी आर्या को बधाई दी।

### गंगा समग्र प्रयाग उत्तर काशी प्रांत की मासिक बैठक संपन्न



**प्रयागराज।** में गंगा समग्र प्रयाग उत्तर की मासिक बैठक मां गंगा के किनारे स्थित छुहारा हनुमान मंदिर जोधवल, तेलियरगंज, प्रयागराज में आज संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता काशी प्रांत के संयोजक राकेश मिश्रा द्वारा की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी 22 सितंबर को विश्व नदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने पर केंद्रित रहा जिस पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में गंगा समग्र प्रयाग उत्तर के पालक आलोक शर्मा, संरक्षक अवध नारायण, प्रयाग उत्तर जिला संयोजक डॉ श्रवण कुमार एवं सह संयोजक टी.एन. शुक्ला एवं दिव्यांशु के साथ साथ कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नगर निगम क्षेत्र को परिक्षेत्र के रुप में मान्यता दिए जाने पर मंथन हुआ। उक्त बैठक में आगामी विश्व नदी दिवस 22 सितंबर 2024 पर कार्यक्रम आयोजन हेतु संयोजक के रूप में अतुल कुमार पांडे एवं दिव्यांशु को दायित्व दिया गया। तथा यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को मासिक बैठक की तिथि निश्चित की गई।

## जिलाधिकारी ने 50 लाख रुपए से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने मंगलवार को संगम सभागार में 50 लाख रुपए से अधिक की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे निर्माण कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत पीडब्लूडी, सेतु निगम, यूपीपीसीएल, सीएनडीएस सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराये जा रहे एक-एक कार्यों की समीक्षा करते हुए उसकी प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा बताया गया कि सभी कार्य अक्टूबर माह तक पूर्ण करा लिए जायेंगे। डीएम ने पीडब्लूडी के द्वारा कराये जा रहे सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण एवं सेतु निगम के द्वारा बनाये जा रहे आरओबी के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य को समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को पर्याप्त मात्रा में भूसा-चारा की व्यवस्था बनाये रखने एवं पशुचिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से गौ आश्रय स्थलों का भ्रमण करते रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों में यदि कोई पशु बीमार हो, तो उसको अलग से रखने की व्यवस्था की जाये। कहा कि गौ आश्रय स्थलों में किसी भी दशा में जल जमाव या कीचड़ न होने पाये। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव सिंह, सीएमओ डॉ0 आशु पाण्डेय, डीडीओ भोलानाथ कनौजिया, परियोजना अधिकारी अशोक कुमार मौर्य, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त ने वर्षा व बाढ़ के दृष्टिगत किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को अत्यधिक वर्षा व बाढ़ के दृष्टिगत शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अम्बरीश कुमार बिन्द, अपर नगर आयुक्त, सतीश कुमार मुख्य अभियन्ता (सिविल), कुमार गौरव, महाप्रबंधक, जलकल, संघ भूषण मिश्रा, अधिशाषी अभियन्ता, जलकल, जोन-4, अल्लापुर, आशुतोष यादव, अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), राम सक्सेना, अवर अभियन्ता जोन-4, अल्लापुर उपस्थित रहे। जिसके अन्तर्गत पन्ना लाल रोड, बालसन चौराहा, एल0आई0सी0 रोड, कुन्दन गेस्ट हाउस, अल्लापुर पुलिस चौकी, मटियारा रोड, मोरी गेट पम्पिंग स्टेशन, परेड ग्राउण्ड, अलोपीबाग, तुलारामबाग, जार्ज टाउन, लिडिल रोड आदि का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मोरी गेट स्थित पम्पिंग स्टेशन पर 02 पम्प बन्द पाया गया, जिस पर नगर आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक, जलकल को सभी पम्प चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही लाइट न रहने पर पम्पों को चलाये जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था बनाये जाने हेतु निर्देश दिया गया। जवाहर लाल नेहरु रोड व बालसन स्थित अशोक खरे, एडवोकेट के आवास के समीप स्थित नाले पर लगी जाल पर गन्दगी देखा गया। उक्त दोनों स्थलों पर जाल को साफ कराये जाने हेतु सम्बन्धित अवर अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

नगर आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक, जल को निर्देशित किया गया कि बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों को जाने वाली कुल कितनी लाइनें है तथा अब तक कितनों की सफाई पूर्ण करायी गयी हैं साथ ही बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों पर कुल कितने पम्प (स्टेशनवार) लगाये गयें हैं एवं कितने गतिमान अवस्था में व कितने बन्द अवस्था में हैं कि सूचना 02 दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जलकल विभाग द्वारा साफ करायें गयें नालों का सत्यापन सम्बन्धित जोन के अधिशाषी अभियन्ता से कराकर रिपोर्ट 03 दिवस के भीतर प्रेषित करें।

### अकीदत के साथ निकाल गया जश्ने ईदमिलादुन्नबी का जूलूस

**नैनी कोतवाली पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम रही मुस्तैद**



**नैनी।** नैनी में सोमवार को ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर आज देश भर में मोहम्मदी किसने शौकत से निकल गया उसी कड़ी में नैनी के विभिन्न क्षेत्रों में 12 रबी उल अव्वल का जुलूस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ निकाला गया। इस अवसर पर ईद मिलादुन्नबी के पर्व की खुशी में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे अरैल मोड़ से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शुरू हुआ, जो पूरे अरैल, कसाई मोहल्ला चकरघुनाथ नैनी बाजार में घुमाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर क्षेत्र को शानदार तरीके से सजाया गया। जुलूस में शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नैनी कोतवाली प्रभारी वैभव सिंह व पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जन सम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली रविन्द्र सिंह रवि मिश्रा विरेन्द्र पटेल प्रदीप कुमार रामजी जायसवाल दिनेश केसरवानी अश्वनी शर्मा राकेश सोनकर आशीष रावत मो फिरोज सुरेन्द्र गुप्ता राजू वर्मा अंकित केसरवानी रामजी गौड़ मयंक कुमार सरोज सिंह शुभम प्रजापति राजेश कुमार समीर खान तौसीफ खान मोहम्मद नौशाद सोनू भारतीया उपेंद्र विवेक पाल आदि लोग मुस्तैद रहे।

# डीएम ने राजस्व कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश

**आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में हो निस्तारण, लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारी स्वयं होंगे उत्तरदायी**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण व कलेक्ट्रेट के स्टाफ से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग अपनी तहसील में समय से बैठे और जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निर्धारित समयसीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे। उन्होंने तहसीलदारों को तहसील व थाने की टीम के साथ समन्वय बनाकर सरकारी जमीन पर होने वाले अवैध कब्जों को अतिक्रमणमुक्त कराये जाने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने कहा की शासन स्तर पर आईजीआरएस की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा की आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों/लम्बित सन्दर्भों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्राप्त सन्दर्भ डिफाल्टर/लम्बित की श्रेणी में नही आना चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालय अध्यक्षों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित करने के पश्चात उसको पोर्टल पर समय से अपलोड कराये जाने का भी निर्देश दिया है, जिससे कि निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होगें। उन्होंने समस्त एसडीएम को लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि पत्थर गड्ड़ी और पैमाइश का कार्य समय से गुणवत्तापूर्ण से पूरा करा ले। उन्होंने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को राजस्व कर्मियों के कार्यों का निरंतर अनुश्रवण करते रहने का निर्देश दिया है साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया है कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। उन्होंने फील्ड में जाकर इसकी जांच करते करने के लिए निर्देशित किया है। आपसी जमीनी विवाद से सम्बंधित झगड़े को सुलह समझौता करके सुलझाने का प्रयास किया जाये। जिलाधिकारी ने राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किए जाने तथा जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में किसी के साथ अन्याय न होने पायें। जमीनी मामलों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने आपदा विभाग से कहा दुर्घटना/ हानि होने पर आपदा राहत से समय से मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर समस्त एसडीएम, समस्त तहसीलदार, जिला स्तरीय अधिकारी गण सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## ईपीएफ व बकाया मानदेय सहित अन्य समस्याओं को लेकर आंदोलित हुए रोजगार सेवक

**प्रयागराज।** ईपीएफ, बकाया मानदेय सहित अन्य समस्याओं को लेकर ग्राम रोजगार सेवक आज जनपद के सभी ब्लाकों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपेंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार ने बताया की रोजगार सेवकों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इस महंगाई में भी अल्प मानदेय में काम कर रहे रोजगार सेवकों के मानदेय से पिछले 8 वर्षों से ईपीएफ की कटौती की जा रही है परन्तु उस धनराशि को आज तक यूएएन खाते में नहीं जमा किया गया जिससे जहां रोजगार सेवकों को आर्थिक क्षति पहुंच रही है वहीं वह अन्य सुविधाओं से भी वंचित है। मनरेगा मजदूरों की आनलाइन उपस्थित दर्ज करने को लेकर भी अधिकारियों द्वारा रोजगार सेवकों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है जबकी आए दिन एप में तकनीकी खराबी के चलते काम में लगे मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती है जिससे मजदूरी का भुगतान करने में भी समस्या उत्पन्न होती है। वहीं मनरेगा कार्यों की फोटो,फाइल व अन्य पत्रावलियों में लगे खर्च का वहन रोजगार सेवकों को ही करना पड़ता है। उन्होंने कहा की अगर एक सप्ताह में रोजगार सेवकों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो संगठन सामूहिक रूप से हड़ताल करने के साथ ही 30 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी का घेराव करेगा। मंडल अध्यक्ष विजय चन्द्र विश्वकर्मा ने कहा की रोजगार सेवक अब आंदोलन की राह पर जाने को विवश है।

### नशेडी बाइक सवारों की बाइक बिजली के खम्भे में लडी दोनों जख्मी

**मऊआइमा।** नशे में धुत बाइक सवारों की बाइक खम्भे में लड जाने से वह बाइक सहित जमीन पर गिर पडे। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों ने उठाया जहां थोडी देर में बाइक स्टार्ट कर गालियां देते हुए रफूचक्कर हो गए। मऊआइमा कस्बा के स्टेशन रोड पर दोपहर में नशे में धुत बाइक सवार बिजली के खम्भे में लड कर सड़क पर तड़पने लगे। लोगों ने उठाया तो थोडी देर में वह गालियां बकने लगे । बताया गया है कि दोनों नशेड़ियों ने मौजूद लोगों को गालियां देते हुए बाइक स्टार्ट करके रफूचक्कर हो गए। लोगों का कहना है कि अब भलाई का वक्त नहीं है।न ही किसी के सहायता करने जरूरत है।

## पात्र बेघरों को

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावा में सोमवार को महाराष्ट्र पुलिस दो युवकों को नवाबगंज पुलिस के साथ पकड़कर ले गई जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। जानकारी करने पर नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि थाना क्षेत्र के परियावा निवासी आमिर शाहिद हुसैन व मुजीब हाजिर अहमद अंसारी वर्ष 2017 में ठाणे महाराष्ट्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म व गर्भपात कराने के मामले में जनपद के शांति नगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमे महाराष्ट्र की पुलिस दोनो की तलाश में लगी हुई थी। सोमवार को महाराष्ट्र की पुलिस नवाबगंज थाने पहुंची जहा पूरे मामले को अवगत कराया जिस पर आरोपियों के घर पर दबिश दी गई जिसमे दोनो आरोपी को पकड़कर थाने ले आए और लिखा पढ़ी करके महाराष्ट्र पुलिस अपने साथ आरोपियों को ले गई। पकड़े गये आरोपी महाराष्ट्र से आकर क्षेत्र में प्लाटिंग की खरीद फरोख्त का धंधा करते हैं।

## महाराष्ट्र की पुलिस ने दो दुष्कर्म आरोपियों को उठाया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आगामी चरण 2024-25 से 2028-29 तक के लिये पात्रों का चयन कर उन्हें आवास बनाने के लिये सहायत धनराशि दी जायेगी। इसके लिये पात्र परिवारों का सर्वे किया जायेगा, इससे पीएम आवास योजना से वंचित लोगों को आवास मिलेगा। खंड विकास अधिकारी कालाकांकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम आवास योजनान्तर्गत पात्र परिवारों के चयन हेतु निर्धारित मानक में संशोधन किया गया है। शासन की मंशा को पारदर्शिता के साथ समय से पूरा करने के लिए ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के समस्त ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायतों में पहुंचकर पंचायत भवन में खुली बैठक कराकर ग्रामवासियों से प्रार्थना पत्र प्रधानमंत्री आवास आवंटन का लेकर रजिस्टर में दर्ज कर रहे हैं जिसमें ब्लाक के पंचायत सहायक व रोजगार सेवक शत प्रतिशत पूरा करने के लिए लगे हुए है।

# बेल्हा में जल्द शुरू होगा इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का निर्माण

## कसागो इंडिया प्रा लिमिटेड ने सराय नाहर राय में किया फैक्ट्री का शिलान्यास

### फैक्ट्री में जिले के 1500 युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बेल्हा पर लगा उद्योग शून्य जनपद के ठप्पा अब जल्द ही हटने वाला है। जिले की सराय नाहर राय ग्राम पंचायत में दिल्ली की कसागो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने जिलाधिकारी संजीव रंजन, पूर्व सांसद हरिबंश सिंह व कम्पनी के डायरेक्टर कुंवर युवराज सिंह ने इस फैक्ट्री का शिलान्यास किया, जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। इस फैक्ट्री को निर्माण दो एकड़ के क्षेत्रफल में होगा। जिसमें कुल 6 यूनिट होगी। प्रथम यूनिट का शिलान्यास हुआ है जिस पर



फैक्ट्री का शिलान्यास करते पूर्व सांसद, डीएम व डायरेक्टर।

20 करोड़ की लागत आएगी। इस फैक्ट्री के बन जाने से जहाँ जिले पर लगा उद्योग शून्य जनपद के तमगा हटेगा वही जिले के करीब 1500 युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

कम्पनी की जल्द से जल्द इस फैक्ट्री का निर्माण कर यहां इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का निर्माण शुरू करने की योजना है। जिससे जनपद का औधोगिक परिदृश्य ही बदल जायेगा। इस योजना से जिले में विकास की एक नई उम्मीद जगी है। शिलान्यास के मौके पर पूर्व सांसद कुँवर हरिबंश सिंह ने कहा कि यह फैक्ट्री न केवल उद्यमियों के लिए प्रेरणा बनेगी बल्कि यह जिले के बेरोजगारों के लिए रोजगार के नए अवसर भी मुहैया करवाएगी। दिल्ली स्थित कसागो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर कुँवर युवराज सिंह ने बताया कि यह फैक्ट्री 2 एकड़ भूभाग में स्थापित की जाएगी। जिसकी एक यूनिट के निर्माण पर 20 करोड़ का निवेश होगा। फैक्ट्री में कुल 6 यूनिट बनाई जाएगी। जब सभी यूनिट बनकर तैयार हो जाएगी तो करीब 1500 कर्मचारियों को रोजगार मिलेगा। जिले में अब तक रोजगार की कोई ब्यवस्था नही थी जिससे यह फैक्ट्री जिले के विकास में मील का पत्थर सावित होगी। यह न केवल स्थानीय अर्थ ब्यवस्था को मजबूत करेगी बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। इस मौके पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि यह फैक्ट्री जिले के विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कसागो प्राइवेट लिमिटेड की इस पहल की सराहना की और इसे जिले के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## नवाबगंज के युवक की मुंबई में ट्रेन से कटकर हुई मौत, कोहराम

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोथरिया कड़रौ गांव निवासी संदीप कुमार पटेल पुत्र सुरजभान पटेल (21) वर्षीय बीते सोमवार की दोपहर लगभग एक बजे ट्रेन में सवार होते समय पैर फिसलने से रेलवे ट्रैक के नीचे चला गया जिससे मौके पर मौत हो गई रेलवे पुलिस ने मृतक की जेब में मिले फोन के माध्यम से परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक संदीप जीविकोपार्जन हेतु मुंबई में एसी व अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिपेरिंग का काम करता था रोज की तरह सोमवार को भी वह अपने किराए के कमरे से चलकर काम करने के लिए ही जा रहा था जैसे ही ट्रेन पर चढ़ने लगा पैर फिसल गया जिससे रेलवे ट्रैक के नीचे चला गया जिससे मौके पर मौत हो गई।

# परिषदीय विद्यालयों में सत्र परीक्षाएं आज से शुरु

### तीन वर्ष पूर्व कोरोना काल मे बंद करनी पड़ी थी परीक्षाएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** परिषदीय स्कूलों में इस बार फिर से सत्र परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा यह परीक्षाएं 18 से 24 सितंबर तक आयोजित की जाएगी कोरोना काल मे इन परीक्षाओं को बंद कर दिया गया था। जिससे स्कूलों में सिर्फ दो परीक्षाएं ही आयोजित की जा रही थी। अब फिर से बच्चों का साल में चार बार मूल्यांकन होगा। और अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उनसे बच्चों की प्रगति रिपोर्ट साझा की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार कर निर्देश के अनुरूप तैयारियां भी लगभग पूर्ण कर ली गयी हैं।

बता दें कि प्रतापगढ़ जनपद में कुल 2732 परिषदीय स्कूल है जिनमें 1636 प्राथमिक 374 संविलियन व 363 उच्च प्राथमिक विद्यालय है। जिनमे कुल 2 लाख 36 हजार छात्र छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के निदेशक प्रताप सिंह बघेल द्वारा 11 सितम्बर को जारी निर्देश में यह परीक्षा अगस्त माह तक पूर्ण पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न पत्र तैयार कर परीक्षाएं आयोजित करने का निर्देश जारी किया गया था। जिसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों व प्रधानध्यापको को जरूरी दिशा निर्देश दिये थे। जिसके बाद विभाग द्वारा इसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। विभाग के प्रारूप के तहत प्रथम सत्र परीक्षा में प्रति विषय 10 अंक अर्द्ध वार्षिक में 30 अंक द्वितीय स्तर परीक्षा में 10 अंक व वार्षिक परीक्षा में 50 अंक निर्धारित है। कुल पूर्णांक प्रति विषय 100 अंक का होगा। योजना के तहत कक्षा 1 में मौखिक 2 व 3 में लिखित मौखिक पांच पांच अंक 4 व 5 में 7 अंक लिखित व 3 अंक मौखिक होंगे। कक्षा 6 7 व 8 की परीक्षा लिखित होगी।

### मूल्यांकन के बाद अभिभावकों को बुलाकर दी जाएगी प्रगति रिपोर्ट

इन परीक्षाओं के सुचारू आयोजन की जिम्मेदारी खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ प्रधानध्यापको की होगी। परीक्षा के बाद मूल्यांकन कर एक तय तिथि पर अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उनसे बच्चों की प्रगति साझा की जाएगी और उन्हें कापी भी दिखाई जाएगी। इसके बाद कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की योजना है। इस सिलसिले में लक्ष्मणपुर ब्लाक के शिक्षक नेता मत्स्येंद्रनाथ मिश्र ने बताया कि विभाग के निर्देश के अनुरूप सत्र परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसको लेकर बच्चों में खासा उत्साह है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि सत्रीय परीक्षाओं के आयेजन के लिये खण्ड शिक्षा अधिकारियों व प्रधानध्यापको को निर्देश दिए गए है। परीक्षा के मूल्यांकन के बाद कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## रिटायर पूर्व शिक्षक के जल समाधि ले लेने पर मचा हुआ हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवाना शेखपुर धनापुर निवासी रिटायर पूर्व शिक्षक शिवमूर्ति शर्मा पुत्र सूरजपाल शर्मा (68) वर्षीय घर से लघु माध्यमिक विद्यालय रजवापुर कालाकांकर स्कूल जाने के लिए बेटे कुलदीप ऑटो पर बैठाने गए जो वापस देर शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिजनों में किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए हड़कंप मच गया।

परिजनों के काफी खोजबीन के बाद पता नही चल सका। रिटायर पूर्व शिक्षक के हाथ लिखी एक सुसाइट नोट परिजनों को बिस्तर के तकिया के नीचे मिली जिसमे रिटायर शिक्षक ने सुसाइट नोट में बेटे के नाम लिखा था कि तुम्हारा अभागा पिता को पेंशन न मिलने से परिवार का भविष्य को देखते हुए गंगा जी में जल समाधि लेने जा रहा हूं। मुझे तलाशने का प्रयास न करना। कमरे से सुसाइट नोट मिलने पर परिजनों के साथ पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। पुलिस गंगा नदी लेहदरी कौशाम्बी गंगापुल व कालाकांकर गंगा घाट पर गोताखोरों के साथ छानबीन में लगी हुई है। घटना को लेकर परिजन लोग भी परेशान है।

### बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**प्रतापगढ़।** जिले में सुबह से ही हो रही झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। तापमान घटकर न्यूनतम 25 डिग्री और अधिकतम 27 डिग्री हो गया है। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। आज सुबह शुरु हुई बारिश तेज तो नहीं थी लेकिन दिन भर वर्षा होती रही। इससे मौसम ठंडा हो गया है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराली जनों पर दहेज की मांग पूरा न होने पर रस्सी से गला दबाकर की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस विवाहिता की मौत पर जांच में जुटी है।

बता दें कि आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के दफरा गांव निवासी गुन्नाज (20) पत्नी आसिफ अली की सोमवार शाम लगभग पांच बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आसपुर देवसरा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुन्नाज का मायका सुल्तानपुर जिले के चांदा थाना क्षेत्र के कोइरीपुर में है। शादी 15 नवंबर 2023 हुई थी। वह अपने पति आसिफ के साथ महाराष्ट्र जिले के पुणे शहर में रहते थी। लगभग एक माह पूर्व वह पुणे से वापस अपने ससुराल दफरा आयी थी। मृतिका के पिता अरमान अली विदाई करवाने के लिए 15 सितंबर को उसके ससुराल दफरा आये लेकिन गुन्नाज की सास बकरी चराने और ससुर बाजार चले गए थे। पांच घंटे के इंतजार के बाद भी सास-ससुर घर वापस नहीं लौटे तो पिता वापस अपने घर चला गया। मृतिका गुन्नाज के जीजा सरफराज पुत्र निजामुद्दीन निवासी कोइरीपुर थाना चांदा, सुल्तानपुर ने आसपुर देवसरा थाने पर लिखित शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराली जनों ने अतिरिक्त दहेज एक मोटर साइकिल की मांग शुरू कर दी। गुन्नाज जब अपने मायके वापस आयी तो यह बात अपने मां-बाप को बताई।

उन्होंने कहा धीरे-धीरे सब ठीक हो जायेगा। दोबारा विदा होकर ससुराल गई तो दहेज को लेकर ससुराली जनों ने मारना पीटना शुरू कर दिया। गुन्नाज ने फोन पर अपने मां-बाप बताया की यह लोग मेरी हत्या कर सकते है। बीते सोमवार शाम पांच बजे गुन्नाज का शव रस्सी से लटकता हुआ पाया गया। इस मामले में थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा संतोष कुमार सिंह ने बताया कि महिला के शव को मायके वालों को सुपुर्द कर दिया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# घर-घर पूजे गए शिल्पकार विश्वकर्मा

## जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा और सजी झांकियां

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगलवार को घर-घर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। शिल्पकार विश्वकर्मा की जगह-जगह झांकियां सजाकर श्रद्धालुओं ने विश्वकर्मा महाराज की जयंती को धूम-धाम से मनाया। इस दौरान भक्तों ने भव्य शोभा यात्रा भी निकाली।

आकर्षक रथ पर भगवान् विश्वकर्मा की प्रतिमा के साथ निकली शोभा यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। कौशिल्यापुर चकवा के पूर्व बीडीसी हरिश्चंद्र विश्वकर्मा के संयोजन में शोभा यात्रा निकाली गई। हरिश्चंद्र ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर देश के सभी लोगो की सलामती की प्रार्थना की। क्षेत्र के चकवा के सदा शिव विश्वकर्मा व रानीगंज कैथौला के बबलू सिंह ने भी विश्वकर्मा महाराज की जयंती



भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते श्रद्धालु।

धूमधाम से मनाई। इसके साथ ही लालगंज, वर्मा नगर, घुईसरनाथ, जलेसरगंज, अर्जुनपुर में यादव बिल्डिंग, चांदीपुर समेत जगह-जगह मिल्स व कारखानों में शिल्पकार विश्वकर्मा की पूजा की गई। हरिश्चंद्र विश्वकर्मा के यहां शिल्पकार विश्वकर्मा महाराज की जयंती की पूर्व संध्या पर क्षेत्रीय विधायिका ने भी पहुंचकर आशीर्वाद लिया। वहीं मंगलवार को राज्यसभा सांसद के करीबी आशीष उपाध्याय, रामचंद्र तिवारी, लालबहादुर विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, नन्हे विश्वकर्मा, शिवमोहन विश्वकर्मा, प्रमोद सिंह, अनुभव गौड़, पिंटू सिंह, विनोद मौर्य समेत सैकड़ों लोगो ने पहुंच सजी झांकी पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

# सुगतानन्द बुद्ध विहार में मनाया गया अनागारिक धम्मपाल जन्मदिवस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के सई नदी के तट पर स्थित सुगतानन्द बुद्ध विहार पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने आज भाद्र मधु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर अनागारिक धम्मपाल की 160वीं जयंती श्रद्धा, संकल्प व उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पावन श्रद्धालुओं द्वारा त्रिशरण, पंचशील, आनापानसति ध्यान साधना व परित्राण पाठ का संगायन किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन व संचालन करते हुए राकेश कन्नौजिया ने देवमित्त अनागारिक धम्मपाल के वैश्विक स्तर पर बौद्ध स्थलों के साथ पालि भाषा व उसके साहित्य के प्रकाशन संरक्षण व संवर्धन एवं बौद्ध पुनर्जागरण में उनके अमूल्य योगदानों को याद करते कहा कि उनके द्वारा महाबोधि सोसाइटी की स्थापना व 1893 में शिकागो में हुए विश्व धर्म सम्मेलन में भारत के

### बोधिपूजा व हुई सामूहिक साधना, वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



सुगतानंद बुद्ध बिहार में सामूहिक साधना करते लोग।

अध्यात्मिक दर्शन को वैश्विक पटल पर स्वामी विवेकानंद के साथ रखते हुए विश्व को भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदला गया। अध्यक्षता कर रहे डा0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि देवमित्त अनागारिक धम्मपाल ने मानव कल्याण व पालि भाषा के संरक्षण व संवर्धन हेतु विभिन्न विद्यालयों की स्थापना की जो आज भी महाबोधि सोसाइटी द्वारा संचालित हो रहे हैं। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष बसंत लाल मौर्य कहा कि लोगों से आगामी उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं में कल 18 सितंबर तक हाईस्कूल व इंटर में पालि भाषा विषय के फार्म भरने व पालि भाषा को क्लासिकल भाषा की मान्यता हेतु संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र भेजे जाने के साथ ही प्रत्येक शाम 8 बजे ऑनलाइन कार्यक्रमों से जुड़ने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का आभार एडवोकेट हरि श्याम मौर्य द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर इं0प्रभात सम्यक, जितेंद्र बहादुर यादव, डा विजय सरोज, संजय रंजू बौद्ध, ज्ञानेश मौर्य, राजित राम,विनोद कुमार, कमलेश, विकास, शुभम् सिंह, उधम सिंह, अमित कुमार, उमेश गौतम, सुरेश कुमार विश्वकर्मा, संजय, विनोद आदि उपासकगण मौजूद रहे।

# बेल्हा देवी घाट से हुई स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुआत

### 85 लोगों ने किया श्रमदान, दिलाई गई स्वच्छता की शपथ



बेल्हा देवी घाट पर श्रमदान करते अधिकारी व लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक वार्षिक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसकी थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ द्वारा मां बेला देवी घाट पर लगभग 85 लोगों ने श्रमदान (साफ सफ़ाई कार्य) कार्यक्रम में प्रतिभा किया गया। इसके पश्चात स्वच्छता प्रतिज्ञा का कार्य किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत ही मानव श्रृंखला, युवा संपर्क कार्य, स्वच्छता संवाद एवं घर-घर जाकर लोगों को होम कंपोस्टिंग एवम सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा अलग-अलग दिए जाने के लिए लोगों को जागरुक भी किया गया। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत श्रमदान का कार्य करते हुए नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार द्वारा स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें नगर पालिका के ब्रांड एंबेसडर ज्ञानेश मिश्रा एव रमेश मौर्य व रविंद्र कुमार, सभासद सदर बाजार तथा डॉ प्रवीण रंजन नगर स्वास्थ्य अधिकारी, संतोष कुमार सिंह सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सभापति यादव अभियंता (जल), लाल बहादुर राजस्व निरीक्षक, राजेश बिंद राजस्व निरीक्षक, शुभम मिश्रा डीपीएम0 एवं पालिका समस्त अधिकारी व कर्मचारी एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लोकपाल मनरेगा ने की जनसुनवाई, चनौरा तालाब के पुनरोद्धार की हुई मांग

### जांच आख्या न आने पर खंड विकास अधिकारियों से की वार्ता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा के जन सुनवाई और संवाद कार्यक्रम में मनरेगा सबन्धी शिकायते व सुझाव निरंतर हो रही बरसात के बावजूद प्राप्त किया गया। वहीं पूर्व शिकायतो के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा भी लोकपाल समाज शेखर ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों से वार्ता कर की। लोकपाल ने मनरेगा कर्मियों को भ्रष्टाचार से दूर रहने की हिदायत दी।



जनसुनवाई व संवाद कार्यक्रम में सुनवाई करते।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री राजेश मिश्र ने लोकपाल से मुलाकात कर मनरेगा योजना में मजदूरों को समय से भुगतान होने तथा वास्तविक मजदूरों व गरीब व जरूरत मंद को कार्य व योजना का लाभ अवश्य मिले। साथ ही मनरेगा के द्वारा स्वावलंबन व आर्थिक विकास के सामूहिक कार्यक्रम चलाकर जन सामान्य को लाभांवित करने की मांग की। जांबाज हिंदुस्तानी सेवा समिति के अध्यक्ष आलोक आजाद ने लोकपाल से मुलाकात कर मांधाता ब्लाक के खरवई ग्राम में स्थित अति प्राचीन तालाब चनौरा के पुनरोद्धार की मांग की। उन्होंने कहा की यह तालाब प्राचीन समय से आस्था व विश्वास के साथ साथ मीठे पेयजल का श्रोत रहा है। देख रेख के अभाव में उक्त तालाब अपना अस्तित्व खो रहा है। जिस पर लोकपाल ने जिलाधिकारी व सीडीओ के संज्ञान में लाकर समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। लोकपाल समाज शेखर ने खंड विकास अधिकारी लालगंज से कोटवा शुकुलपुर के तालाब की अपेक्षित रिपोर्ट 2 दिन में अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का निर्देश दिया।

# जब व्यक्ति और वातावरण स्वच्छ रहेगा तभी आगे बढ़ेगा देशः प्रभारी मंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भुवनेश्वर ओडिशा से विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त के हस्तांतरण तथा आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 हेतु आवास प्लस एप लॉन्च कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण का अवलोकन अधिकारियों, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों व जनसामान्य द्वारा देखा गया।

राज्यमंत्री परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा



पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के साथ राज्य मंत्री, डीएम व विधायकगण

कार्यक्रम के अंतर्गत तुलसीसदन (हादीहाल) में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 08 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया जिनको तीनों किस्त का भुगतान कर दिया गया है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 10 लाभार्थियों जिनके आवास पूर्ण हो गये है उनको चाभी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज के दिन भगवान विश्वकर्मा जी की भी जयन्ती है जिन्होने प्राचीन भारत को बनाने का कार्य किया और आधुनिक भारत के निर्माता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी जन्म दिन है। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी व पार्टी पदाधिकारीगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों को किया जाय लाभान्वित : मंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा मंगलवार को उदयन सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की गई उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की छोटी-छोटी समस्याओं का निस्तारण ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर एवं थाना स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाय, जिससे आमजन को जिला स्तर या शासन स्तर तक न जाना पड़ें। उन्हांने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पीड़ित व्यक्ति को अवश्य न्याय मिलें तथा अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय मंत्री जी ने सीएम डैशबोर्ड के तहत विभाग-चिकित्सा, पुलिस, आईजीआरएस, पंचायतीराज, कृषि, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, सेतु निगम, पी0डब्ल्यू0डी0, मण्डी समिति, आकांक्षी ब्लॉक, पर्यटन एवं उद्यान आदि विभाग सहित अन्य विभागों की

**जिले के विकास की जमीनी हकीकत देखने के बजाय नेताओ अधिकारियों के बीच में बैठकर मंत्री जिले की योजनाओं की समीक्षा करके चले गए**



बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंनें सभी अधिकारियों से कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय एवं पेंशन आदि से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाय तथा विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय। मंत्री जी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएचसी एवं पीएचसी का लगातार निरीक्षण करें। गरीबों एवं असहायों के इलाज में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। सभी सीएचसी एवं पीएचसी में दवाइयों की उपलब्धता बनाये रखें, कोई भी डॉक्टर किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखें, इसका लगातार अनुश्रवण करते रहें। उन्होंने उप निदेशक, कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि सोलर पंप से होने वाले फायदों के बारे में किसानों को जागरूक किया जाय, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान इस योजना से लाभान्वित हों सकें। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं वाले कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी जिले के विकास की जमीनी हकीकत देखने के बजाय नेताओ अधिकारियों के बीच में बैठकर मंत्री जिले की योजनाओं की समीक्षा करके चले गए हैं इस अवसर पर मंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत लाभार्थी को नैप सेक स्पेयर मशीन का वितरण किया गया। इसी प्रकार मंत्री जी द्वारा तिलहन बीज मिनीकिट का वितरण किया गया। मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत गृह प्रवेश किये जाने वाले लाभार्थियों को आवास की चाभी वितरित किया गया। जनपद में इनवेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए बैंको द्वारा उद्यमियां को दिये जाने वाले ऋण के चेक का भी वितरण किया गया।

## एनएचएआई के जिम्मेदार अधिकारी गुलामीपुर गनपा ओवर ब्रिज के नीचे बड़ा हादसा होने का कर रहे हैं इंतजार



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत गुलमीपुर गनपा एनएचएआई के ओवर ब्रिज के नीचे फुटपाथ पर ठेला वाले रिक्शा वाले दो पहिया वाहन वालों की प्रतिदिन काफी भीड़ लगी होती है सुबह से लेकर शाम तक समोसा जलेबी फल फ्रूट फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदार के कारण पुल के नीचे दो पहिया चार पहिया वाहन खड़े हो जाते है जिससे आने जाने वाले लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिससे दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता है लेकिन उसके बाद भी पुल के नीचे लगने वाले जाम को हटाया नहीं जा रहा है लगातार जाम लगने से आने जाने वालों को दिक्कतों को सामना करना पड़ता है एनएचएआई के ठेकेदार पीएन सी कम्पनी क्या बड़े हादसे का इंतजार कर रही है लगातार जाम लगने से हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# रिद्धी सिद्धी ग्रुप ऑफ स्कूल्स , भरवारी में हर्षोल्लास के साथ मनाई विश्वकर्मा पूजा



**भरवारी कौशाम्बी** भरवारी स्थित एन.डी .कॉन्वेंट स्कूल, केपीएस भीटी एवं भरवारी,रिद्धि सिद्धि कॉलेज,रिद्धि सिद्धि अकादमी में मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाई। यह पूजा भगवान विश्वकर्मा, जिन्हें दिव्य शिल्पकार माना जाता है, को समर्पित थी। स्कूल परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था, और पूजा के लिए एक विशेष वेदी तैयार की गई थी।पूजा में स्कूल के शिक्षक, छात्र और अन्य कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने अपने शैक्षणिक और पेशेवर जीवन में सफलता और समृद्धि के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद सभी को प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे सभी ने प्रसन्नता से ग्रहण किया।संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में विश्वकर्मा पूजा के महत्व को रेखांकित किया और मेहनत, सृजनशीलता और समर्पण के गुणों को अपनाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करने की अपील की।यह आयोजन न केवल स्कूल समुदाय के बीच आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर था, बल्कि छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं के बारे में जानने का मौका भी मिला।कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल में हुआ, जिसमें सभी ने स्कूल और समाज के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्थान की डॉयरेक्टर सीमा पवार डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्र केपीएस भीटी प्रिंसिपल रमेश श्रीवास्तव एकेडमी डायरेक्टर सुभाष विजय कोर्डिनेटर नितेश सचिन त्रिपाठी रंजीत शशांक श्रीवास्तव सौरभ आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में लगाये गये स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का फीता काटकर मंत्री ने किया उद्घाटन

**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया निरीक्षण में मंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज में लगाये गये स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने आमजन-मानस को स्वैच्छिक रक्तदान करने के प्रति जागरूक किया। उन्हांने कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है। रक्तदान महादान हैं। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिन्दगियां को बचाता हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, इसमें लोग सहयोग करें और लोगों को जीवनदान दें। रक्तदान शिविर के आयोजन से रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है और यह जनसेवा का सबसे उत्तम उदाहरण हैं। इस अवसर पर मंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज में देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जनभियान के तहत मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती कल्पना सोनकर धर्मराज मौर्य विनोद सोनकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधि शीतला प्रसाद लाल बहादुर संजय गुप्ता बीरेन्द्र फौजी कविता पासी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की विधान सभाओं के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के लिए प्राप्त सुझाव/प्रस्तावों को अन्तिम रूप देने के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य अधिकारीगण एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

### डीजे बाजा के साथ नाचते गाते हुआ गणेश प्रतिमाओ का विसर्जन



**हर्रायपुर कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मूरतगंज और उसके आसपास की गणेश प्रतिमाओ का विसर्जन मंगलवार को बड़े ही धूमधाम के साथ भक्तों ने डीजे की धुन पर नाचते गाते गणेश भगवान का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण कर पक्का तलाब मूरतगंज पहुँचे जहां विधि विधान से गणेश प्रतिमाओ की पूजा पाठ का पक्का तालाब में गणेश प्रतिमाओ को बिसर्जित किया बारिश के बाद भी भक्तों का उत्साह कम नही हुआ और महिला पुरुष छोटे छोटे बच्चों समेत सैकड़ो गणेश भक्त मूर्ति विसर्जन में शामिल होकर गजानन की विदाई की विसर्जन के दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था मौजूद रही

### नाचते गाते बारिश में भीगते भक्तों ने किया गणेश प्रतिमाओ का विसर्जन



**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद भरवारी और उसके आसपास गणेश चतुर्थी को गणेश प्रतिमाओ को स्थापित कर भक्तों ने दस दिन विधि विधान से पूजा अर्चन किया और मंगलवार को गणेश प्रतिमाओ की पूजा अर्चना के बाद डीजे की धुन में नाचते गाते भगवान गणेश का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमणकर भक्तों ने गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही धूमधाम से किया है इस दौरान तेज बारिश हो रही थी लेकिन भक्तों का उत्साह कम नहीं रहा गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान महिला पुरुषों के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चे भी भगवान गणेश का जयकारा लगाते हुए गणेश प्रतिमा विसर्जन में शामिल रहे मंगलवार की सुबह दस बजे गणेश प्रतिमाओं को भरवारी नगर भ्रमण करने के बाद संदीपन घाट में प्रतिमाओ को बिसर्जित किया गया गणपति बप्पा के जुलूस में लोक निर्माण विभाग के प्रदीप श्रीवास्तव सहित सैकड़ो महिला पुरुष भक्त शामिल रहे

### स्वच्छता अभियान के साथ नगर पालिका ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**भरवारी कौशाम्बी** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन पर नगर पालिका प्रशासन ने बस स्टॉप स्थिति प्राइमरी स्कूल से सफाई अभियान शुरू किया है जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी एवम अधिशासी अधिकारी राम सिंह एवम वरिष्ठ लिपिक बबलू गौतम के अलावा नगर पालिका के समस्त कर्मचारी मौजूद थे 'साफ सफाई अभियान प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से शुरू होकर महात्मा गांधी के जन्म दिन पर मंडी समिति के पास बना मिनी स्टेडियम मैं पौध रोपण के बाद समाप्त होगा।

## कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के समस्त प्रकार के विद्यालयों में 18 सितम्बर को अवकाश

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी कौशांबी के आदेशानुसार दिनांक 18 सितंबर 2024 दिन बुद्धवार को अत्यधिक वर्षा एवं मौसम की विपरीत परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद कौशांबी के प्री प्राइमरी सहित कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के समस्त प्रकार के विद्यालयों में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवकाश घोषित किया गया है।इस आदेश का जनपद कौशांबी में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। समस्त खंड शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि यदि कहीं से किसी भी प्रकार से इस आदेश का उल्लंघन किया जाएगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# तेज वारिश में भक्तों ने धूमधाम से किया गणेश प्रतिमाओ का विसर्जन

**भक्ति गीतों पर नाचते गाते भगवान गणेश का जयकारा लगाते अबीर गुलाल उड़ाकर पुष्प वर्षा कर पटाखे फोड़ते हुए युवक युवतियां, बच्चे महिलाएं जमकर झूमी**

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नेहरू नगर गली के शिव मंदिर सहित रामलीला मैदान और बाजार के स्थानों पर गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश की प्रतिमाओ को स्थापित कर दस दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चन भजन कीर्तन जागरण करने के बाद मंगलवार को छोटे छोटे बच्चे महिला पुरुष युवक युवतियों ने गाजा बाजा डीजे के धुन पर नाचते गाते नगर भ्रमण कर भगवान गणेश का जयकारा लगाते हुए मंझनपुर चौराहा पहुंचे उसके बाद निर्धारित स्थान कुम्हियावा की नहर में पूजा पाठ करने के बाद गणेश प्रतिमाओ का विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया गया है मंगलवार को सुबह से ही तेज बारिश हो रही थी लेकिन उसके बाद गणेश प्रतिमा के विसर्जन में शामिल भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और पूरे समय बारिश होते हुए भी भगवान गणेश का जयकारा लगाते नगर क्षेत्र की गली सड़को में प्रतिमाओं का बड़े उत्साह के साथ भ्रमण कराया है जगह-जगह पूरे रास्ते प्रसाद का वितरण किया गया है इस दौरान पुलिस ने भी यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए कड़ी सुरक्षा की थी अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकाररी मंझनपुर कोतवाल मंझनपुर सहित महिला पुरुष सिपाहियों को व्यवस्था की सुरक्षा में लगाया गया था भक्ति गीतों पर नाचते गाते भगवान गणेश का जयकारा लगाते अबीर और गुलाल उड़ाकर पुष्प वर्षा कर पटाखे फोड़ते हुए युवक युवतियां, बच्चे महिलाएं जमकर झूमी विसर्जन के दौरान नगर पालिका सहित पूरे क्षेत्र में बरसात होने लगी लेकिन आस्था के सैलाब को बरसात भी नहीं रोक पाई युवक युवतियां बच्चो ने भक्ति गीतों पर बरसात के दौरान भी जमकर झूमते गाते श्रद्धा का भाव प्रकट किया है विसर्जन के पहले पंडालों में भगवान गणेश की पूजा सुबह से शुरू हो गई भगवान के दरबार में पुजारी ने विधि विधान से गणपति की पूजा अर्चना की उसके बाद आरती कर उन्हें भोग लगाया गया उसके बाद मंझनपुर कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में पंडाल में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए भक्त निकल पड़े इस दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सिद्धिविनायक कमेटी मंझनपुर के पदाधिकारियो में उज्वल केशरवानी, सत्यम मोदनवाल, अंशित मोदनवाल, अर्जुन केशरवानी, छेदु केशरवानी, अंकित मोदनवाल, ऋषभ केशरवानी, अर्पित मोदनवाल, राहुल सिंह, प्रभाकर केशरवानी, शिवम केशरवानी, हरषु केशरवानी, विष्णु केशरवानी सहित तमाम महिला पुरुष युवक युवतियां छोटे-छोटे बच्चे विसर्जन में शामिल रहे।

## गुमशुदा हुई महिला बच्चे का नही लगा सुराग

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी** पइंसा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला घर से चौराहा बच्चे का इलाज कराने के निकली और गायब हो गई। तीन दिन बाद भी महिला का अभी तक सुराग नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक पइंसा थाना क्षेत्र के ग्राम बदबदापर मजरा मोहब्बतपुर अनेठा का बुधराज पटेल पुत्र सुंदरलाल प्रयागराज में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसने बताया कि 14 सितंबर दिन शनिवार को वह प्रयागराज में था जानकारी मिली की उसकी पत्नी राधना 26 साल अपने दो वर्षीय पुत्र कार्तिक का इलाज कराने को बताकर दिन में 11 बजे घर से गई लेकिन शाम होने तक नही लौटी। यह सुनकर बुधराज शाम को घर वापस आया और संभावित जगहों और रिश्तेदारों के यहां फोन करने पता किया लेकिन उसका कही पता नही चल पाया। जिस पर बुधराज ने 15 सितंबर दिन रविवार को पइंसा थाना जाकर पुलिस को सारी दास्तान बताते हुए पत्नी के गायब होने की जानकारी दिया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र मिलने पर महिला और बच्चे की गुमसुदगी दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी महिला और बच्चे का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।महिला का पता न चल पाने के कारण पति किसी अनहोनी होने को लेकर परेशान है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय टेंवा में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 23 सितम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी** प्रधानाचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय अरूण कुमार श्रीवास्तव ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि वर्ष 2024 में जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। सत्र 2025-26 में जनपद के सरकारी/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा-5 में अध्ययनरत समस्त अभ्यर्थी बेबसाइट पर दिनांक 23.09.2024 तक प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।

# बेरोजगार दिवस के रूप में कांग्रेसियों ने मनाया पीएम का जन्मदिन

**युवक कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन**

**रोजगार के नाम पर पकौड़ा नहीं चलेगा, युवाओं ने पकौड़ी तल कर जताया विरोध**




**कौशाम्बी।** देश में सरकार की गलत नीतियों के चलते युवक बेरोजगार हो रहे है।यहां तक की जो पहले रोजगार सृजन हुए थे वह भी धीरे-धीरे कम हो रहे हैं जिससे देश में अव्यवस्था फैल रही है और यह बेरोजगारी युवाओं के मन में कुंठा पैदा कर रही है। उक्त बातें मंगलवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कही। इस मौके राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन को सौंपते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आज पूरा भारत का युवा इसे बेरोजगार दिवस के रूप में मना रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री की ही गलत नीतियों के चलते देश में बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इस मौके पर उन्होंने बेरोजगारी को देखते हुए युवाओं की समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि आज देश का युवा आत्महत्या करने पर मजबूर है इसको लेकर चिंता व्यक्त करते हुए अंकुर शुक्ला ने कहा कि मौजूदा सरकार द्वारा या रोजगार दिया जाए या तो त्यागपत्र इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सचिन शुक्ला, उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, महासचिव सूरज जायसवाल, अर्जुन विश्वकर्मा, ऋषभ तिवारी, हिमांशु शुक्ल, अंकित तिवारी, अमित पांडे, अंकुश पाल, अमित तिवारी आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए अहिंसा की नीति को अपनाना

**महात्मा** गांधी के आदर्शों पर चलते हुए अहिंसा की नीति को अपनाना, नेहरूजी की गुटनिरपेक्ष नीति और संविधान में कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका इन तीनों के बीच स्पष्ट कार्य विभाजन और एक-दूसरे की सीमाओं का सम्मान, ये कुछ ऐसी विशिष्ट बातें हैं, जिनके कारण भारत के लोकतंत्र की दुनिया में अलग पहचान बनी। आजादी के 75 साल बाद भी भारत का लोकतंत्र मजबूत बना हुआ है और इस पर हो रहे तमाम प्रहार विफल हुए हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि भारत को बनाने वालों ने दूरदृष्टि के साथ जो विचार भारत की जड़ों में रोपे थे वो अब मजबूती से लोकतंत्र की रक्षा कर रहे हैं। लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार भारत की इस खासियत को चोट पहुंचाने में लगी है। बीते दिनों ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के घर गणपति पूजा में पहुंचे। विधायिका और कार्यपालिका से न्यायपालिका की एक सम्मानजनक दूरी होना चाहिए, लेकिन यहां वो दूरी मिटती दिखी।

मोदी के शासनकाल में देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को राज्यसभा का सदस्य बनाया गया, पूर्व राष्ट्रपति को एक देश, एक चुनाव समिति का मुखिया बनाया गया। अब मुख्य न्यायाधीश के घर की निजी पूजा में प्रधानमंत्री के पहुंचने से कई किस्म के सवाल खड़े हुए, लेकिन भाजपा को इसमें कुछ गलत नजर नहीं आ रहा। भाजपा को शायद इस बात में भी कोई आपत्ति नहीं है कि देश के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार अजित डोभाल रूस के राष्ट्रपति के सामने बैठकर उन्हें श्री मोदी के यूक्रेन दौरे की जानकारी दे रहे हैं। अब तक देश के प्रधानमंत्री विदेश दौरे से लौटते हुए ही प्रेस को अपनी यात्रा के बारे में बताते थे, ताकि उनके जरिए देशवासियों को पता चले कि हमारे प्रधानमंत्री ने किस देश में जाकर, क्या काम किया, जो हमारे लिए लाभकारी है। इसके बाद देश लौटने पर प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को अपनी यात्रा का ब्यौरा देते थे।

लेकिन दूसरे देश के राष्ट्रपति को इस तरह जानकारी देने का अर्थ क्या यह है कि भारत ने अपनी गुटनिरपेक्ष नीति और स्वतंत्र विदेश नीति को छोड़ दिया है। क्या अब भारत की संप्रभुता को इस तरह दांव पर लगाया जाएगा। मोदी को अब यह भी स्पष्ट कर देना चाहिए कि यूक्रेन जाने से पहले क्या उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन की अनुमति भी ली थी। अगर यूक्रेन जाने का फैसला श्री मोदी ने संप्रभु राष्ट्र का मुखिया होने के नाते लिया था, तो अब कौन सी मजबूरी में उन्हें एनएसए को रूस भेजकर सफाई देनी पड़ी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह भी बताना चाहिए कि विदेश मामलों में या दूसरे देशों पर कार्रवाई का फैसला अब उनके विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, केबिनेट इन सबकी सलाह से हो रहा है या भाजपा का कोई भी नेता इसके लिए बयान देने को अधिकृत है। क्योंकि त्रिपुरा में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कहा है।

# केजरीवाल का दांव: अग्निपरीक्षा या गुगली

– राजेंद्र शर्मा

**कहने की** जरूरत नहीं है कि आम तौर पर आम चुनाव के और खासतौर दिल्ली की सात सीटों पर चुनाव के नतीजों से, आम आदमी पार्टी ने निश्चित रूप से सबक लिया होगा। उसने खासतौर पर इस तथ्य से सबक तो जरूर लिया होगा कि इन सीटों पर भाजपा के मत फीसद में पिछले आम चुनाव की तुलना में कमी के बावजूद और कांग्रेस तथा आप पार्टी के बीच पूर्ण चुनावी समझौता होने और अरविंद केजरीवाल के विशेष जमानत पर प्रचार के लिए छूटकर, चुनाव प्रचार करने के बावजूद, भाजपा सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कराने में कामयाब रही।

सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर रिहाई के बाद, आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं से अपने पहले संबोधन में ही, अरविंद केजरीवाल ने उन्हें झंझोड़कर रख देने वाला एलान कर दिया। केजरीवाल ने कहा कि वह दो दिन में मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे। और उसके बाद मुख्यमंत्री का पद तभी स्वीकार करेंगे, जब जनता उनके ईमानदार होने पर अपने अनुमोदन की मोहर लगा देगी। सुप्रीम कोर्ट ने तो जमानत देकर उनके ईमानदार होने पर कानूनी मोहर लगा दी है, लेकिन उन्हें लगता है कि इतना काफी नहीं है। अब वह जनता के सामने अग्निपरीक्षा देंगे और मुख्यमंत्री पद तभी स्वीकार करेंगे, जब जनता उनके ईमानदार होने पर अपने वोट से मोहर लगाएगी। और अपनी इस त्याग मुद्रा का दायरा बढ़ाकर, इसे आम आदमी पार्टी की ही त्याग की मुद्रा बनाते हुए, केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के फैसले के एलान में एक पेच और डाल दिया। उन्होंने एलान किया कि उन्हीं की तरह, व्यापक रूप से सरकार में नंबर-2 माने जाने वाले, उप-मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री, मनीष सिसोदिया भी इस अग्निपरीक्षा की चुनौती स्वीकार करेंगे और जनता के ईमानदार घोषित करने के बाद ही, उप-मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री की जिम्मेदारी संभालेंगे। पुनः इसी प्रसंग को और आगे बढ़ाते हुए, एक और पेच जोड़ते हुए केजरीवाल ने यह मांग भी पेश कर दी कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव, जो अगली फरवरी में होने हैं, आगे खिसका कर नवंबर में होने वाले महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के साथ करा दिए जाएं, ताकि केजरीवाल की अग्निपरीक्षा जल्दी हो जाए।

कहने की जरूरत नहीं है कि दिल्ली की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा, केजरीवाल की इस गुगली से हतप्रभ रह गयी है। भाजपा के नेता, जो अब तक जेल में रहने के आधार पर केजरीवाल का इस्तीफा मांगते आ रहे थे, अचानक उनके इस्तीफे का एलान करने से समझ नहीं पा रहे हैं कि इसे अपनी कामयाबी मानें या अपनी परेशानी। यह कहने के सिवा कि केजरीवाल ने पहले ही इस्तीफा क्यों नहीं दिया, वे ज्यादा कुछ कह नहीं पा रहे हैं। हां! आखिरकार काफी कसरत के बाद उन्होंने यह नयी मांग जरूर निकाली है कि केजरीवाल और सिसोदिया ही नहीं, पूरे मंत्रिमंडल को इस्तीफा देना चाहिए! बहरहाल, मुख्य विपक्षी पार्टी की प्रतिक्रियाओं से समझना मुश्किल नहीं है कि वह समझ ही नहीं पा रही है कि इस नयी स्थिति से कैसे निपटा जाए। जाहिर है कि चुनाव जल्दी कराने की आम आदमी पार्टी की मांग ने भाजपा को और भी चक्कर में डाल दिया है।

उसकी चुनाव जल्दी कराने में शायद ही कोई दिलचस्पी होगी, लेकिन चुनाव जल्दी कराए जाने का विरोध वह पार्टी कैसे कर सकती है, जो इसके दावे करती नहीं थकती है कि दिल्ली की जनता केजरीवाल की पार्टी से विश्वास उठ चुका है। बहरहाल, चुनाव जल्दी कराने के मुद्दे पर भाजपा, अपने हितों की रक्षा के लिए चुनाव आयोग पर भरोसा कर सकती है, जो वैसे भी केजरीवाल मनमुताबिक फैसला क्यों लेना चाहेगा? भाजपा के लिए इस मामले पर चुप लगाना ही काफी होगा। वैसे केजरीवाल ने भी विधानसभा भंग करने की सिफारिश नहीं करने और मंत्रिमंडल से जल्दी चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव पारित नहीं कराने के जरिए, इसका इशारा कर दिया है कि वह भी जल्दी चुनाव की आम मांग को प्रचार के स्तर पर ही रखने जा रहे हैं, उससे आगे नहीं बढ़ाने जा रहे हैं।



अग्निपरीक्षा के जरिए अपना "सत" साबित करने का केजरीवाल का फैसला, एक राजनीतिक मास्टर स्ट्रोक साबित होता है या नहीं, इसका फैसला तो सबसे बढ़कर दिल्ली के चुनाव में होगा। लेकिन, केजरीवाल की गुगली ने भाजपा के लिए उसके खिलाफ अपने प्रचार की बैटिंग में रन बनाना, बहुत मुश्किल बना दिया है। दिल्ली शराब घोटाले के पूरे केस में कोई सचाई होने या नहीं होने से अलग, इससे इंकार करना मुश्किल है कि इस केस में एक के बाद एक, आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी तथा लंबे अर्से तक उन्हें जेल में बंद रखे जाने का, आम तौर पर इस पार्टी की छवि पर और खासतौर पर उसकी भ्रष्टद्वाचार-विरोधी योद्धा की छवि पर, कुछ न कुछ असर जरूर पड़ा है। याद रहे कि यही छवि, मध्यवर्ग के बीच आप पार्टी के समर्थन का मुख्य आधार है। इसके साथ, दस साल से अधिक के शासन से पैदा हुई लोगों की निराशाएं जुड़कर, आप पार्टी के चेहरे पर बदहवासी की न सही, चिंता की रेखाएं लाती ही थीं। केजरीवाल ने इस दांव से एक ही झटके में, इसी गिरावट को थामने की कोशिश की है।

कहने की जरूरत नहीं है कि आम तौर पर आम चुनाव के और खासतौर दिल्ली की सात सीटों पर चुनाव के नतीजों से, आम आदमी पार्टी ने निश्चित रूप से सबक लिया होगा। उसने खासतौर पर इस तथ्य से सबक तो जरूर लिया होगा कि इन सीटों पर भाजपा के मत फीसद में पिछले आम चुनाव की तुलना में कमी के बावजूद और कांग्रेस तथा आप पार्टी के बीच पूर्ण चुनावी समझौता होने और अरविंद केजरीवाल के विशेष जमानत पर प्रचार के लिए छूटकर, चुनाव प्रचार करने के बावजूद, भाजपा सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कराने में कामयाब रही। इससे साफ था कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आप सरकार के रास्ते में बाधाएं खड़ी किए जाने से लेकर, आप नेताओं के साथ उसके अत्याचार तक की सारी शिकायतें भी, दिल्ली के मतदाताओं को पर्याप्त रूप से प्रभावित नहीं कर पा रही थीं। इस अपर्याप्तता ने ही केजरीवाल को इस्तीफे की गुगली फेंकने के लिए प्रेरित किया लगता है, ताकि केंद्र में सत्ता में बैठी भाजपा के खिलाफ अपनी आलोचनाओं को और तीखी धार दे सके।

केजरीवाल की इस्तीफे की गुगली के पीछे एक और भी कारण है। दिल्ली में, जहां उप-राज्यपाल के जरिए, केंद्र सरकार ने निर्वाचित सरकार के हाथ-पांव पहले ही बहुत ज्यादा बांध दिए हैं, केजरीवाल की जमानत पर रिहाई के साथ लगायी गयीं राज्य सचिवालय नहीं जाने से लेकर किसी फाइल पर दस्तखत नहीं करने तक की शर्तें, व्यवहार में उनके लिए मुख्यमंत्री के रूप में काम करना ही बहुत कठिन बना देती थीं। ऐसे में चुनाव से चंद महीने पहले, लगातार उप-राज्यपाल से खींचतान में फंसी सरकार चलाने में उलझे रहने के मुकाबले में, केजरीवाल को यही ज्यादा फायदे का सौदा लगा होगा कि मुख्यमंत्री के पद पर अपने किसी ऐसे उत्तराधिकारी को बैठा दिया जाए, जिसके काम करने पर उतने बंधन नहीं होंगे और इसलिए चुनाव से पहले, दिल्लीवासियों के लिए हित के कुछ काम हो रहे होंगे। और खुद वह स्वतंत्रता के साथ जनता के बीच जाकर, भाजपा के विरुद्ध अभियान चलाने की स्थिति में होंगे।

फिर भी, केजरीवाल के लिए यह गुगली फेकना भी कोई आसान नहीं था। सबसे बड़ी बात यह है कि आम आदमी पार्टी जिस तरह की चंद नेताओं पर ही केंद्रित पार्टी है, जिसके केंद्र में केजरीवाल हैं और जिसका वैचारिक आधार ज्यादा मजबूत नहीं है, संघ-भाजपा के बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक अभियान के सामने खासतौर पर वेध्य है। इस सब को देखते हुए चाहे अस्थायी रूप से ही हो, मुख्यमंत्री के पद के लिए अरविंद केजरीवाल के उत्तराधिकारी का चुनाव आसान नहीं है। भाजपा जिस तरह से साम-दाम-दंड-भेद, सभी हथियार लेकर, आप पार्टी तथा उसकी सरकार को कमजोर करने के लिए मौके की ताक में तैयार बैठी हुई है, उसके सामने तो यह और भी कठिन हो जाता है।

झारखंड का उदाहरण सामने है। पहले गिरफ्तारी के जरिए, हेमंत सोरेन की सरकार को गिराने की कोशिश की गयी। जब यह कोशिश नाकाम रही और मुख्यमंत्री के पद पर हेमंत सोरेन वापस भी आ गए, तो उनकी जेलयात्रा के दौरान एवजीदार मुख्यमंत्री बनाए गए चंपई सोरेन को भाजपा ने तोड़ लिया। उनके सहारे एक अलग आदिवासी पार्टी खड़ी करने की कोशिश भी जब सिरे नहीं चढ़ी तो, उन्हें भाजपा में शामिल कर लिया गया। और अब खुद प्रधानमंत्री झारखंड में अपने चुनाव की घोषणा से पहले के चुनाव प्रचार में, भाजपा में नये-नये भर्ती किए गए चंपई सोरेन तथा सीता सोरेन के नाम का, झारखंड मुक्ति मोर्चा पर हमले के लिए इस्तेमाल करते देखे जा सकते हैं। अब जबकि केजरीवाल, जनमत की अग्निपरीक्षा में खरा उतरने के बाद, फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के हिसाब से चल रहे हैं, वह निश्चय ही झारखंड के घटनाक्रम की दिल्ली में पुनरावृत्ति नहीं चाहेंगे।

# जम्मू-कश्मीर : भाजपा की नीतियों और समझौतों पर संशय

– प्रदीप मिश्र

**नई सरकार** के स्वरूप के राजनीतिक के अलावा सांविधानिक कारण भी हैं। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून के अनुसार विधानसभा की 90 सीटों पर सीधा चुनाव होगा। पांच विधायकों का मनोनयन उपराज्यपाल करेंगे। दो सीटें कश्मीरी विस्थापितों और एक सीट पीओजेके विस्थापित के लिए आरक्षित है। कश्मीरी विस्थापितों में एक सीट महिला के लिए आरक्षित रहेगी।

नए जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद विधानसभा की 90 सीटों पर चुनावी गतिविधियां चरम पर हैं। अपनों की सरकार बनाने के लिए जम्मू के प्रवेश द्वार लखनपुर से कश्मीर के कंगन तक का अवाम उत्साहित है। नई सरकार में सुरक्षा, स्थिरता, समान विकास और समरसता ज्यादातर मतदाताओं का सपना है। सियासी दल इससे दबाव में हैं। सोच को साकार करने और सरोकार पूरा करने के लिए समीकरण साधे जा रहे हैं। सीमाएं समझते हुए संभावनाओं के हिसाब से कई खुले और गुप्त समझौते हो चुके हैं। एक ही विचारधारा के संगठनों में सहमति बन रही है। बावजूद इसके घोषित-अघोषित गठबंधन अपने-अपने हित में बहुमत की सरकार चाहते हैं। फिर भी नई सरकार के स्वरूप, केंद्र से समन्वय, संतुलन, स्थिरता और स्थानीय स्तर की स्वायत्तता को लेकर संशय हैं। संकल्पों, गारंटियों और घोषणाओं को पूरा करने के लिए सीमित संसाधन जहां सावधान करते हुए आने वाले दौर की समस्याओं का इशारा कर रहे हैं, वहीं पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने से समाप्त पूर्ण राज्य के दर्जे की वापसी के केंद्र सरकार के आश्वासन पर क्रियान्वयन के सही समय का सवाल भी सहज और स्वाभाविक है।

भाजपा ने संकल्प के रूप में 25 सरोकार बताए हैं। इनमें पांच लाख नौकरियां, विद्यार्थियों को लैपटॉप, यात्रा के लिए तीन हजार रुपये और कोचिंग के लिए 10 हजार रुपये देने के अलावा मेडिकल कॉलेजों में एक हजार सीटें बढ़ाने का मंतव्य बेरोजगारी की समस्या पर ध्यान खींचता है। साथ ही मुफ्त पानी और बिजली के अलावा गरीबों को पांच मरला (125 गज) जमीन मुफ्त देने के अलावा किसानों को 10 हजार रुपये देने का वादा भी लुभावना है। वादों की आड़ में बड़े-बड़े दावे भी किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) पर दावा मजबूत किया गया है। यहां भुलाने की कोशिश की गई कि 22 फरवरी, 1994 को पीवी नरसिंह राव की सरकार में संसद में पीओके को भारत का



अभिन्न अंग बनाने का सर्वसम्मत संकल्प पारित किया गया था, जिसे 30 साल हो चुके हैं। इसी क्रम में जम्मू से कश्मीर का सफर 14 घंटे से चार घंटे में बताया जा रहा है। तथ्य यह कि सड़क मार्ग से जम्मू से श्रीनगर पहुंचने में पहले आठ घंटे लगते थे। अब यह यात्रा लगभग पांच घंटे में पूरी हो रही है। इंडिया गठबंधन के घटक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का चुनाव पूर्व गठबंधन है। दोनों के क्रमशः 51 और 32 उम्मीदवार मैदान में हैं। नेकां के घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 और 35 की बहाली के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कराने समेत 12 गारंटियां हैं। राजनीतिक कैदियों की रिहाई, जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) निरस्त करने, छह महीन में एक लाख नौकरियां देने और भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत की पहल करने की बात कही गई है। महत्वपूर्ण बात यह भी कि यदि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

जानना जरूरी है कि अनुच्छेद 370 हटाने से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने भी राज्य का दर्जा छीनने पर सवाल उठाए थे। शीर्ष अदालत ने ही 30 सितंबर तक चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कांग्रेस की गारंटियों में पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना तो है ही, एक लाख खाली सरकारी पद भरने, हर नागरिक का 25 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा के अलावा कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की योजना को आगे बढ़ाने का वादा है। 2014 के बाद भाजपा के साथ सरकार बना चुकी पीडीपी ने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, पानी पर टैक्स खत्म करने, गरीबों को रसोई गैस के 12 सिलेंडर देने की घोषणा की है।

जाहिर है कि नई सरकारों के लिए अपने वादों को अमली जामा पहनाने के लिए बड़ी धनराशि की जरूरत होगी। केंद्र शासित प्रदेश के संसाधन सीमित हैं। जम्मू-कश्मीर में आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के सरकार के दावे के उलट यहां देनदारियां बढ़ी हैं। संसद द्वारा स्वीकृत 2024-2025 के बजट में बताया गया है कि केंद्र शासित प्रदेश की देनदारियां 2019-2020 में 83,573 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 1,12,797 करोड़ रुपये हो गई हैं। 2020-2021 में देनदारियां 92,953 करोड़ रुपये थीं, जो 2021-2022 में 1,01,462 करोड़ रुपये और 2022-2023 में 1,12,797 करोड़ रुपये तक पहुंच गईं। हालांकि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा प्रदेश के कर्ज मुक्त होने का दावा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कर्ज और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के बीच उचित अनुपात बना हुआ है। दूसरी ओर जानकार मानते हैं कि नई सरकार बनने के बाद होने वाले खर्च से सरकारी खजाने पर अचानक बोझ बढ़ेगा और आमदनी के साधन इसी तरह से नहीं बढ़ाए जा सकेंगे, क्योंकि लोकप्रियता के लिए सरकारें कर्ज लेने से परहेज नहीं करतीं हैं।

नई सरकार के स्वरूप के राजनीतिक के अलावा सांविधानिक कारण भी हैं। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून के अनुसार विधानसभा की 90 सीटों पर सीधा चुनाव होगा। पांच विधायकों का मनोनयन उपराज्यपाल करेंगे। दो सीटें कश्मीरी विस्थापितों और एक सीट पीओजेके विस्थापित के लिए आरक्षित है। कश्मीरी विस्थापितों में एक सीट महिला के लिए आरक्षित रहेगी। इसके अतिरिक्त सदन में उचित प्रतिनिधित्व नहीं होने पर दो और सीटों पर महिलाओं को मनोनीत किया जाएगा। मुख्य संशय दिल्ली और पुडुचेरी मॉडल को लेकर है।

दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। मनोनयन नहीं होता। पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव जबकि तीन सदस्य मनोनीत होते हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशासन का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 239 में है। 239ए के अनुसार विधानमंडल सर्वोच्च है। सदन उपराज्यपाल से ऊपर है। हालांकि मद्रास उच्च न्यायालय व्यवस्था दे चुका है कि एलजी सदन में पारित विधेयकों को रोक सकते हैं। दिल्ली में 239एए के प्रावधान लागू होते हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में सरकार के लिए वित्तीय मामलों, टैक्स लगाने, छूट देने, बदलने बगैरह में उपराज्यपाल की सहमति आवश्यक होती है। जुलाई में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुनर्गठन कानून की धारा 55 में संशोधित नियमों को अधिसूचित किया था। इसमें उप राज्यपाल को विस्तारित शक्तियां देने वाली नई धाराएं जोड़ी गई हैं। इसके बाद राजनीतिक हल्कों में अटकलें लगीं कि पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने में देर लगेगी।

यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट से जमानत पाने वाले बारामुला के निर्दलीय सांसद इंजीनियर रशीद ने अपनी अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) और प्रतिबंधित होने के कारण निर्दलीय चुनाव लड़ रही जमात-ए-इस्लामी के साथ तालमेल कर लिया है। पहले चरण की 24 सीटों पर मतदान के ठीक पहले हुए इस समझौते को नए समीकरणों का संकेत माना जा रहा है। राष्ट्रवादी इसे संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं। चुनाव के पहले रशीद की रिहाई केंद्र सरकार से उनके सहयोग के भरोसे का नतीजा माना जा रहा है। नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी को अपने प्रभाव क्षेत्र वाले इलाकों में मात देने की नीयत से चाल चली गई है। एआईपी कश्मीर घाटी की 35 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

लोकसभा चुनाव में रशीद ने 18 में से 14 विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की थी। अनजान सी पार्टी के इतनी सीटों पर उम्मीदवार उतारने से आश्चर्य है। कहा जा रहा है कि 2014 में पीडीपी की तरह ही 2024 में एआईपी-जमात गठबंधन से भाजपा का चुनाव पश्चात समझौता संभव है। घाटी की 47 में से 28 सीटों को खाली छोड़कर भाजपा ने इस संभावना के सशक्त होने का संदेश दिया है। अल्पमत से बचने और बहुमत की सरकार बनाने के लिए भाजपा 62 सीटों पर लड़ कर 50 सीटें जीतने पर जोर लगा रही है।

# चुनौतियों को चुनौती देकर उन पर विजय हासिल करने वाले को नरेंद्र मोदी कहते हैं

नीरज कुमार दुबे ।

**गुजरात** के वडनगर रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाले से लेकर वर्ल्ड स्टेज पर दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार होने तक और एक बार फिर ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में सबसे आगे रहने तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा बड़ी रोचक और प्रेरणादायक रही है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन पर चारों ओर से बधाइयों का तांता लगा हुआ है। हर कोई यही प्रार्थना कर रहा है भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए माँ भारती प्रधानमंत्री मोदी को और शक्ति व सामर्थ्य प्रदान करें। वर्ष 1950 में 17 सितंबर के दिन एक साधारण परिवार में जन्मे नरेन्द्र दामोदर दास मोदी का सत्ता के शीर्ष पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि यदि व्यक्ति में दृढ़ इच्छा शक्ति और अपनी मंजिल तक पहुंचने का जज्बा हो, तो वह मुश्किल से मुश्किल हालात को आसान बनाकर अपने लिए नये रास्ते बना सकता है। हम आपको बता दें कि 26 मई 2014 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मोदी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलायी थी। पांच बरस बाद 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर लोकसभा चुनाव जीता और उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत की। इस साल नौ जून को उन्होंने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, जिसके बाद मोदी पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले व्यक्ति हो गए हैं। मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री भी हैं जिन्होंने आजाद भारत में जन्म लिया था।

देखा जाये तो देश को आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाने वाले, देश को गुलामी की मानसिकता से निजात दिलाने वाले, मुश्किल से भी मुश्किल समय में देश को कुशल नेतृत्व देने वाले, बात महामारी की हो या आतंकवाद की...रणनीति और साहस के साथ उनका खात्मा करने वाले, विस्तारवादी ताकतों की सारी हेकड़ी निकालने वाले, देश को अगले 25 सालों के लिए नव-संकल्प दिलाकर सबको साथ लेकर, सबको विश्वास में लेकर आगे बढ़ाने वाले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व कौशल की आज पूरी दुनिया कायल है। 'मोदी है तो मुमकिन है', यह कोई महज चुनावी नारा नहीं बल्कि आश्वस्ति का वह भाव है जो देश की जनता के मन में है। देश की जनता सिर्फ इसी बात से निश्चिंत है कि मोदी हैं तो हमारे देश की संप्रभुता और अखण्डता को कोई आंच नहीं आ सकती। जनता बार-बार देख चुकी है कि 'कोई भारत को छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं' यह बात सिर्फ मोदी कहते भर नहीं हैं इसे समय-समय पर हकीकत भी बना कर दिखाते हैं।

गुजरात के वडनगर रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाले से लेकर वर्ल्ड स्टेज पर दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार होने तक और एक बार फिर ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में सबसे आगे रहने तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा बड़ी रोचक और प्रेरणादायक रही है। नरेंद्र मोदी इस मामले में पहले प्रधानमंत्री हैं जिसने गरीबी को सबसे करीब से देखा है। जिसकी माँ दूसरों के घरों में काम करती हो, जिसने खुद कभी रेलवे स्टेशन पर चाय बेची हो, जिसने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा दो जोड़ी कपड़ों में गुजारा हो, जिसने हिमालय की चोटियों पर बरसों संन्यासी के रूप में गुजारे हों, जिसने मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात को ऐसा चमकाया हो कि दुनिया भारत के इस राज्य की चकाचौंध से जुड़ने के लिए खुद आतुर हुई हो, जिसने प्रधानमंत्री के रूप में भारत को गरीबी और निराशा की स्थिति से निकाला हो और जो देश को एकजुट कर 'नये भारत' और 'विकसित भारत' की परिकल्पना साकार करने के लिए निकल पड़ा हो, उस हस्ती का देश-दुनिया वंदन कर रही है। वाकई ऐसे जुझारू, कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ, भारत की संस्कृति के प्रचारक और राष्ट्रभक्त जनसेवक बिरले ही होते हैं।

अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद की लगभग समाप्ति कर कश्मीरी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की बात हो या फिर पूर्वोत्तर क्षेत्र में उग्रवाद और कुछ राज्यों में आधार रखने वाले माओवाद पर काबू पाने की बात हो, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में पूर्णतः शांति बनी हुई है और हर जगह सिर्फ कानून का राज है। नरेंद्र मोदी को जनप्रतिनिधि के रूप में विभिन्न पदों पर रहते हुए 21 साल से ज्यादा समय हो चुका है लेकिन देखिये उनके पास अन्य नेताओं की तरह ना तो आलीशान बंगला है, ना ही बड़े-बड़े बैंक बैलेंस हैं और ना ही चमचमाती कारें हैं। हाँ, उनके पास भारत की जनता का प्यार जरूर है तभी तो चुनावों के समय जनता खुद ही नारा लगाती है- 'नमो नमो', 'मोदी मोदी', 'मोदी है तो मुमकिन है', 'हर हर मोदी घर घर मोदी' लेकिन भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने देश को जो बड़े नारे या फिर कहिये सूत्रवाक्य दिये वह हैं- 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास'। नरेंद्र मोदी ने अपने लिए बड़ा घर बनाने की जगह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रिकॉर्ड संख्या में जरूरतमंदों के सिर पर छत प्रदान की। नरेंद्र मोदी ने सिर्फ अपने निर्वाचन क्षेत्र या अपने गृहराज्य की चिंता करने की बजाय देश को समान रूप से विकास की ऐसी ढेरों परियोजनाएं प्रदान कीं जिससे नये भारत का निर्माण चारों ओर होता दिख रहा है।

भारत का पहला वॉर मेमोरियल, सेंट्रल विस्टा परियोजना, नया संसद भवन, नये संसद भवन में हमारा सेंगोल, भारत मंडपम, यशोभूमि आदि राष्ट्र इमारतें मोदी के कार्यकाल में ही साकार हुईं।

## प्रभारी मंत्री ने पीएम आवास लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र व चाभी

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी के लाभार्थियों को गृह प्रवेश, चाभी एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया।

इस दौरान उडीसा में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलसीडी के माध्यम से दिखाया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए। जिसमें फातमा, हसीना, शबनम, शरीफ आदि एवं 32 लाभार्थियों को चाबी वितरण किया। जिसमें बृजरानी, मुन्नी देवी, राजकुमारी, कलावती, सुनीता, सुरेश आदि को वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला प्रभारी अनिल यादव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय आदि मौजूद रहे।

## गढचपा में चलाया गया सफाई अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गढचपा में खंड विकास अधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम गढचपा में स्वच्छता अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में हर गली हर मुहल्ले में साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान ग्राम गढचपा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू सिंह की अगुवाई में मंगलवार को ग्राम गढचपा में अपने कुछ ग्रामीणों के साथ व सफाई कर्मी के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही स्वच्छता सफाई अभियान चलाये जाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राज्यमंत्री ने किया स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम का शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने मंगलवार को नगर पालिका द्वारा रामघाट व पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत शिवरामपुर में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट की पावन धरा रामघाट एवं विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत शिवरामपुर से स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। प्रदेश में गुंडाराज खत्म हुआ है। शांतिपूर्ण ढंग से माताएं, बहने, बुजुर्ग रह रहे हैं। भाजपा सरकार में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि मां मंदाकिनी गंगा की और साफ सफाई कराई जाए।

स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर पूजा साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला प्रभारी अनिल यादव आदि ने रामघाट कि सीढियों एवं शिवरामपुर में सीतापुर खोही तिराहा पर झाडू लगाया। साथ ही कूडा कूडे दान में डाला गया एवं फावडा लेकर साफ-सफाई की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। साथ ही ग्राम पंचायत शिवरामपुर में पौधारोपण भी किया।इस मौके पर डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल जी यादव, देव त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी, प्रेमलाल वाल्मीकि, रवि गुप्ता, राकेश केसरवानी, भाजपा के जिला महामंत्री अश्विनी कुमार अवस्थी

## धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में भगवान विश्कर्मा की जयंती धूमधाम से विश्वक र्मा समाज ने मनाया। जिसमें उनकी पूजा पाठ कर प्रसाद का वितरण किया। लोकनिर्माण विभाग में यंत्रों की पूजा की गई।

उत्तर प्रदेश विश्वकर्मा महासभा ने शहर के शंकर बाजार स्थित गल्लामंडी में हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर महासभा के जिलाध्यक्ष मिटठू लाल विश्वकर्माए राजकिशोरए दिनेशए शिवसूरतए चांद्रपालए शिवसागरए मान सिंह आदि मौजूद रहे। वही कई अन्य संगठनों ने कार्यक्रम का आयोजन किया। धर्मनगरी के विश्वकर्मा धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया गया। संवाद

## प्रभारी मंत्री ने ली विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार जनपद प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) की अध्यक्षता में एवं मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा के जिला सगठन प्रभारी अनिल कुमार यादव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

प्रभारी मंत्री ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि जो विकास कार्यक्रम की बैठक हुई, उसमें जिन बिंदुओं पर प्रगति कम है, उन पर प्रगति कराएं। मुख्यमंत्री ने उन्हें जनपद का प्रभारी मंत्री बनाकर जनपद के विकास के लिए जिम्मेदारी दी है, जो कमियां हो उनको अवगत कराया जाए ताकि प्रदेश सरकार से निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए अगर किसी विभाग की शिकायत मिली तो कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि 60 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाए, कोई पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। साथ ही सभी विभाग के अधिकारी अपने कार्यों को निष्ठा पूर्वक करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जो विभाग तथा अधिकारी आपके कार्यों को न सुने तो अवगत कराया जाए, उनके खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत बिलों में सुधार कराया जाए। उप निदेशक कृषि से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के जो लाभार्थी शेष हैं, उनको लाभ दिलाया जाए। साथ ही यमुना किनारे के गांव के किसानों की जो फसल बाढ से प्रभावित हुई है, उसकी जांच कराकर किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में जो पर्यटन विकास के कार्य चल रहे हैं, उसकी सूची बनाकर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि गोवंशों का संरक्षण शत प्रतिशत कराए ताकि किसानों की फसलों को बचाया जा सके। साथ ही पशुओं का नस्ल सुधार कराया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज राजापुर तथा राजकीय इण्टर कॉलिज ममसी बुजुर्ग का जो निर्माण कार्य अधूरा है, उसकी जांच कराकर सम्बन्धित कार्यदाई संस्था से पूरा कराया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। लघु डाल के अधिकारियों से कहा कि पंप कैनाल का पानी टेल तक अवश्य पहुंचाया जाए ताकि किसानों को कोई समस्या न हो। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से कानून व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही कहा कि महिला सम्बन्धी मामलों पर त्वरित कार्यवाही की जाए।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसका अनुपालन अगली बैठक से पहले कराया जाएगा। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया।

प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) ने कहा कि रक्तदान सबसे बडा महादान होता है। इससे किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा के रूप में मनाया जा रहा उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि चित्रकूट जनपद एक आकांक्षात्मक जनपद है। इसमें गांव से लोग आते हैं, उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी दवा हो आप लोग बाहर से नहीं लिखेंगे, किसी भी मरीज को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए, कोई भी गरीब किसान परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने पर्चा काउन्टर पर लगे मरीजों से उनके स्वास्थ्य लाभ एवं समस्या के बारे में जानकारी ली। मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने जिला अस्पताल के बारे में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी व डॉ विवेक प्रताप सिंह ने रक्तदान किया।इस मौके पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला प्रभारी अनिल यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुरेश अनुरागी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वंदना श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा विकास मिश्रा (हीरो), जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रमेंद्र प्रताप सिंह, जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा मोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

नगरीय समाधान दिवस

## आवास समस्याएं लेकर पहुंची महिलाएं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी सभागार में नगरीय समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण किया। इस अवसर पर बिजली, पानी, सडक, साफ सफाई व प्रधानमंत्री आवास सम्बन्धी तमाम शिकायतें आई। जिनका उन्होंने निस्तारण करके लोगों को राहत देने का प्रयास किया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सबसे ज्यादा शिकायतें सडक व नाली की हैं। इन सब समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बजट का अभाव के आते ही नगर में सडक, नाली आदि विकास कार्यों पर फोकस किया जाएगा। तमाम महिलाएं प्रधानमंत्री आवास की समस्या को लेकर आई। इस मौके पर सभासद शंकर प्रसाद यादव, पवन बद्री, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, प्रकाश निरीक्षक अशरफ खान, पीएम आवास योजना के राजकुमार, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, गुफरान खान, रवि,




उन्होंने बताया कि उन्होंने साल भर पहले फॉर्म भरे हैं, उन्हें अभी तक आवास नहीं मिला। अधिशासी अधिकारी ने इस पर जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है। ज्ञानेंद्र, कौशल, अंकित जायसवाल, शिवकुमार गुप्ता, लवकुश कुमार, सुमित गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता, राजस्व निरीक्षक राहुल कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

## प्रधान सहायक महेंद्र प्रताप सिंह के प्रान्तीय संप्रेक्षक पद में निर्वाचित होने पर हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक प्रांतीय चुनाव में चित्रकूट में तैनात प्रधान सहायक महेंद्र प्रताप सिंह प्रांतीय संप्रेक्षक पद पर रिकार्ड मतों से निर्वाचित हुए है। जिनका चित्रकूट पहुचने पर स्टॉप द्वारा जोरदार स्वागत किया गया हैं। महेंद्र प्रताप के प्रांतीय संप्रेषक पद पर निर्वाचित होने पर सभी साथी कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त की है।

बता दे कि बीते 13 सितम्बर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक प्रांतीय चुनाव सम्पन्न कराए गए थे। जिसमें चित्रकूट में तैनात प्रधान सहायक महेंद्र प्रताप सिंह ने भी अपना नामांकन प्रांतीय संप्रेक्षक के पद पर कराया था। जिनको चुनाव में रिकार्ड मत मिले थे।

चुनाव के बाद महेंद्र प्रताप सिंह जब अपने कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय पहुचे तो वहां स्टॉप के लोगों ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया है और उनसे संघ के माध्यम से कर्मचारियों के हित मे कार्य करने की अपील की है। कार्यालय में स्टॉप द्वारा स्वागत कार्यक्रम किये जाने पर महेंद्र प्रताप सिंह ने सभी साथियों का आभार जताया है और आने वाले समय में सभी कर्मचारियों की हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया है।

इस दौरान सीडीपीओ महेंद्र पटेल, वीरेंद्र कुशवाहा, अपर सांख्यकीय अधिकारी राजेश मिश्रा, प्रधान सहायक किशोरी लाल, व्यैक्तिक सहायक मुख्य विकास अधिकारी जय सोनी, प्रफुल्ल, संजीव कुमार, राजकुमार सिंह, निरपत सिंह, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

## बुढ़वा मंगल में हनुमानधारा में भक्तों ने किया दर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुढवामंगल पर्व में हनुमानधारा में भी बड़ी संख्या मे भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचे। जहां प्रसाद का वितरण भी किया गया।इसी तरह से धर्मनगरी क्षेत्र के बरहा के हनुमान जीए शिवरामपुर क्षेत्र के लैनाबाबाए सहित पहाड़ी क्षेत्र के नांदिन के हनुमानए राजापुर के संकट मोचन मंदिर में पूजा पाठ की गई। कई स्थानों में भंडारे का भी आयोजन किया गया। शहर के सिविल लाइन में भक्तों ने प्रसाद का वितरण किया।

## कार्यशैली में सुधार करें बिजली अफसररू मंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार में श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल ;मन्नू कोरीद्ध ने मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रभारी मंत्री ने मंगलवार को द्वारा कलक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के 32 लाभार्थियों को घर की चाभी एवं स्वीकृति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर ओडिशा में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। लाभार्थियों में फातमाए हसीनाए शबनमए शरीफए बृजरानीए मुन्नी देवीए राजकुमारीए कलावतीए सुनीता व सुरेश आदि शामिल रहे।

उन्होंने कहा कि जिले में बिजली की समस्या को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है। कहा कि बिजली की समस्या संज्ञान में आते ही उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान विधायक विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदीए जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदीए डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवालए नपा अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।संवाादइस अवासर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएनए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंहए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् भूपेश द्विवेदी समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वच्छता कर्मचारियों को सेवा विभाग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सेवा विभाग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चित्रकूट द्वारा कर्मयोगी (स्वच्छता कर्मचारी) का सम्मान समारोह मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर शंकर बाजार कर्वी में स्वच्छता कर्मचारी श्यामलाल की अध्यक्षता, कमलाकांत (विभाग संपर्क), महेन्द्र विभाग शारीरिक व संगीता करवरिया (जिला कार्यवाहिका) की विशेष उपस्थिति में हुआ। समारोह में श्यामलाल, छोटेलाल, भैरो, रज्जू, राकेश, ननकाई, रघुराई, मुन्ना, रानी, सुनीता को माल्यार्पण कर सुन्दर काण्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। विभाग संपर्क प्रमुख कमलाकान्त ने कहा कि हम सभी हिन्दू बन्धु एक है। उन्होंने कहा कि कार्य करने की क्षमता के अनुसार वर्गीकरण आज भी होता है और पहले भी होता था। कुछ लोग इसको जातियों में बांट कर अलग करने का काम किया है। कार्यक्रम के संयोजक राजेश पाण्डेय (सह जिला सेवा प्रमुख) ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संदीप, श्याम, विनोद, विनीत प्यासी, राहुल, अजय आदि मौजूद रहे।



## साल की सबसे ज्यादा बारिश सात घंटे में 68 एमएम पानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में मंगलवार की सुबह से मूसलाधार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन अस्त.व्यस्त हो गया है। घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। मंदाकिनी नदी व मानिकपुर क्षेत्र की बरदहा नदी सहित अन्य छोटी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। चित्रकूट मप्र क्षेत्र में नदी का पानी मुख्य सड़क तक आ गया। सीजन की सबसे अधिक बारिश एक दिन में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक 68 एमएम हुई है। जो इस साल का रिकार्ड है। जिले में मंगलवार को मूसलाधार बारिश सुबह नौ बजे से शुरू हुई जो शाम तक लगातार होती रही। इससे धर्मनगरी स्थित मंदाकिनी नदी सहित मानिकपुर क्षेत्र की बरदहा नदी व भरतकूप की बाणगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। दुकानदार अपना सामन लेकर घर चले हैं।

# जंग का ऐसा खतरा कभी नहीं था...

# इजरायल-हिजबुल्लाह में पूर्ण युद्ध की आशंका

**तेल अवीवः हिजबुल्लाह** के इजरायल पर हालिया हमले ने क्षेत्र में तनाव को बढ़ा दिया है। इन हमलों के बाद कहा जा रहा है कि 7 अक्टूबर के बाद इजरायल और हिजबुल्लाह एक पूर्ण युद्ध के बहुत करीब पहुंच गए हैं। इससे पहले 30 जुलाई से 25 अगस्त के बीच दोनों पक्षों के बीच तनातनी दिखी थी, जब हिजबुल्लाह कमांडर फुआद शुकर को लेबनान की राजधानी बेरूत में मार दिया गया था। मौजूदा स्थिति फुआद की मौत के बाद के हालात से ज्यादा तनावपूर्ण है। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट कहती है कि आने वाले दिनों में कुछ बड़े हमले देखने को मिल सकते हैं। इजरायली रक्षामंत्री योव गैलेंट ने इसका संकेत दिया है। सोमवार को उन्होंने अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से कहा है कि हिजबुल्लाह के साथ राजनयिक समाधान की संभावना अब खत्म हो गई है।

## गाजा में बढ़त से आईडीएफ के बढ़े हौसले

रिपोर्ट कहती है कि यह केवल अफवाहें नहीं हैं कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हिजबुल्लाह के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन के लिए समर्थन जुटाने के लिए गैलेंट की जगह गिदोन सार को रक्षा मंत्री बनाना चाह रहे हैं। इजरायल का ज्यादातर राजनीतिक और सैन्य वर्ग हिजबुल्लाह पर हमले के समर्थन में दिख रहा है। यरुशलम पोस्ट को राजनीतिक और सैन्य दोनों सूत्रों से हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई के संकेत मिले हैं।



हिजबुल्लाह के साथ युद्ध में जाने से बच रहा था इजरायल

इजरायल अभी तक हिजबुल्लाह के साथ युद्ध में शामिल होने से बच रहा था। इसकी बड़ी वजह ये थी कि इससे इजरायल की गाजा में हमास के खिलाफ लड़ाई प्रभावित हो सकती थी। इजरायली सेना ने 21 अगस्त को राफा में हमास की आखिरी बटालियन को हारा हुआ घोषित कर दिया था। इससे वह हिजबुल्लाह पर आक्रामक हो सकता है। हालांकि इजरायली पीएम नेतन्याहू के युद्ध ना छेड़ने का एक और बड़ा कारण यह है कि हिजबुल्लाह हर रोज छह से आठ हजार रॉकेट हमले कर सकता है और इससे बड़ी तादाद में इजरायली मर सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 25 अगस्त वह दिन है जब चीजें पूरी तरह से बदल गईं। इसी दिन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 1,000 रॉकेट लॉन्च करने की योजना बनाई थी। उशके निशाने पर तेल अवीव के उत्तर में महत्वपूर्ण खुफिया मुख्यालय के अड्डे भी शामिल थे।

इजरायली सेना का दावा है कि 25 अगस्त को उसने हिजबुल्लाह को रोक दिया। हमास और हिजबुल्लाह के खिलाफ जीत ने आईडीएफ का हौसला बढ़ाया है। नेतन्याहू को हिजबुल्लाह के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन करने का विश्वास मिला है। इजरायल के हिजबुल्लाह पर हमले से बचने की एक वजह ये भी थी कि उसे लगता था कि युद्धविराम हो जाएगा तो हिजबुल्लाह की ओर से इजरायल पर हमले बंद हो जाएंगे। इस समय गाजा में युद्धविराम की संभावना बहुत कम दिख रही है। ऐसे में इजरायल की ओर से बड़ा हमला हिजबुल्लाह पर हो सकता है, जो एक पूर्ण युद्ध की शक्ल ले सकता है।

# रूस के पास होगी चीन के बाद सबसे बड़ी सेना, पुतिन ने लाखों भर्तियों का दिया आदेश



**मॉस्कोः रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने देश की सेना के आकार को एक बार फिर से बढ़ाने जा रहे हैं। पुतिन ने सोमवार को रूसी सेना में 1,80,000 फौजी बढ़ाकर सक्रिय सैनिकों की संख्या 15 लाख करने का आदेश दिया है। इसके बाद रूसी फौज चीन के बाद दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी सेना बन जाएगी। क्रेमलिन की वेबसाइट पर बताया गया है कि पुतिन ने सशस्त्र बलों की कुल संख्या को 23.8 लाख तक बढ़ाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा इसमें 15 लाख सक्रिय सैनिक होने चाहिए। रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था, इसके बाद से दोनों देशों में युद्ध जारी है। इस दौरान रूसी सरकार लगातार सैन्य ताकत बढ़ाने पर जोर दे रही है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) के आंकड़ों कहते हैं कि इस वृद्धि से रूस सक्रिय लड़ाकू सैनिकों की संख्या के मामले में अमेरिका और भारत से आगे निकल जाएगा और दूसरे स्थान पर आ जाएगा। इसे बाद उससे आगे सिर्फ चीन होगा। चीन के पास 20 लाख से ज्यादा सक्रिय सैनिक हैं।

यूक्रेन युद्ध के बाद से बढ़ी है रूस की चिंता

रूस के फरवरी 2022 में यूक्रेन में पर हमले के बाद से पुतिन ने तीसरी बार सेना के रैंकों का विस्तार किया है। यह तब हुआ है जब रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन के कुछ हिस्सों पर आगे बढ़ रही है और यूक्रेनी सेना को अपने कुर्स्क क्षेत्र से बाहर निकालने की कोशिश कर रही है। रूस की संसद के निचले सदन की रक्षा समिति के अध्यक्ष आंद्रेई कार्तपोलोव ने बताया है कि सक्रिय सैनिकों की संख्या में वृद्धि सशस्त्र बलों के आकार को बढ़ाने की योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा किरूस के उत्तर-पश्चिम में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई सैन्य इकाइयां बनाने की जरूरत है क्योंकि यहां फिनलैंड के साथ हमारी सीमा लगती हैं, जो नाटो गुट में शामिल हो गया है।

पुतिन ने 2022 से पहले लड़ाकू सैनिकों की संख्या में दो आधिकारिक वृद्धि का आदेश दिया था। पहली 1,37,000 और दूसरी 1,70,000 सैनिकों की थी। क्रेमलिन ने कहा है कि फिलहाल किसी नई लामबंदी की योजना नहीं है। विचार यह है कि यूक्रेन में लड़ने के लिए हस्ताक्षर करने वाले रंगरूटों पर भरोसा करना जारी रखा जाए।

# जर्मनी में 'मैं और चीन की कहानी' विशेष कार्यक्रम आयोजित

**बीजिंग। चीन** लोक गणराज्य की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने का विशेष कार्यक्रम 'मैं और चीन की कहानी' बर्लिन में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी), जर्मनी स्थित चीनी दूतावास और चीनी शिक्षा मंत्रालय के चीनी और विदेशी भाषाओं के आदान-प्रदान व सहयोग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हुआ।




इसमें 200 से अधिक मेहमानों ने भाग लिया। सीएमजी अध्यक्ष शन हाईशुंग ने एक वीडियो भाषण देकर कहा कि चीन लोक गणराज्य की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सीएमजी ने पूरे विश्व में 'मैं और चीन की कहानी' एकत्र करने की गतिविधि की। 60 से अधिक देशों के दोस्तों ने 1600 से अधिक पत्र भेजकर अपनी कहानी सुनाई। विभिन्न अक्षरों वाले पत्रों ने समान भावना व्यक्त की, जिसमें विभिन्न देशों की जनता की शांति व सुंदरता के प्रति गहरी आकांक्षा और सीमा व समय पार करने वाली जन मित्रता की शक्ति दिखती है। हम अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान और वैश्विक सभ्यता वातार्लाप बढ़ाएंगे और मानवता के साझे भविष्य वाले समुदाय के निर्माण में साथ-साथ आगे बढ़ेंगे।

जर्मनी स्थित चीनी राजदूत तंग होंगपो ने अपने भाषण में आशा व्यक्त की कि अधिकाधिक जर्मन युवा चीनी भाषा सीखेंगे और चीनी संस्कृति पसंद करेंगे। अगर मौका हो तो वे चीन जाकर देखेंगे और अधिक चीनी दोस्त बनाएंगे।

परिचय के अनुसार 'मैं और चीन की कहानी' चीन लोक गणराज्य की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने का विशेष कार्यक्रम फिलहाल अमेरिका, कनाडा, रूस, सऊदी अरब आदि देशों में भी आयोजित होगा।

# टाइटैनिक देखने पहुंची टाइटन पनडुब्बी की हादसे के 1 साल बाद आई पहली तस्वीर

**वॉशिंगटनः टाइटन** पनडुब्बी हादसे के एक साल से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद समुद्र के तल से पनडुब्बी की पहली बार तस्वीर सामने आई है। जून 2023 में टाइटैनिक का मलबा देखने जाने के समय टाइटन पनडुब्बी समुद्र में पानी के नीचे हादसे का शिकार हो गई थी। एक विस्फोट में पनडुब्बी में सवार सभी लोग मारे गए थे। ताजा तस्वीर में पनडुब्बी की पिछली टेल कोन 3775 मीटर की गहराई पर तलहटी में बाहर की तरफ निकली दिखाई दे रही है। इसके साथ में अन्य मलबा भी है। यह तस्वीर पिछले साल हादसे के बाद पनडुब्बी की खोज के दौरान रिमोट संचालित वाहन से ली गई थी।

अमेरिकी कंपनी ओशेनगेट की पनडुब्बी टाइटन पिछले साल 18 जून को कनाडा के न्यूफाउंडलैंड के तट पर उत्तरी अटलांटिक महासागर में टाइटैनिक को देखने के अभियान पर रवाना हुई थी। इसमें ओशनगेट के सीईओ स्टॉकटन रश, फ्रांसीसी खोजकर्ता पॉल हेनरी नारेगेओलेट, ब्रिटिश व्यवसायी हैमिश हार्डिंग।

# भारत के खिलाफ क्यों जहर उगलते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर

**तेहरानः ईरान** के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई भारत के मुसलमानों को पीड़ित बता रहे हैं। खामेनेई ये उस भारत के बारे में कह रहे हैं, जो ईरान का तब साथ दे रहा है, जब कोई उसके साथ खड़े होने तैयार नहीं हैं। ईरानी सुप्रीम लीडर ने एक्स पर एक पोस्ट में गाजा और म्यांमार के साथ भारत के मुसलमानों को भी पीड़ित बता दिया। खामेनेई की इस टिप्पणी पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने इसे गलत सूचना पर आधारित और अस्वीकार्य करार दिया। इसके साथ ही उन्हें अपने देश में अल्पसंख्यकों की हालत देखने की सीख भी दे दी। यह पहली बार नहीं है जब खामेनेई ने भारत में मुसलमानों या दूसरे मामले को लेकर टिप्पणी की है। वे पहले भी ऐसा करते रहे हैं। उनके पिछले बयानों पर चलते हैं, उसके पहले ताजा बयान जान लेते हैं।

खामेनेई का बयान और भारत का जवाब?

खामेनेई ने एक्स पर लिखा, 'इस्लाम के दुश्मनों ने हमेशा हमें इस्लामी उम्मा के रूप में हमारी साझा पहचान के प्रति उदासीन बनाने की कोशिश की है। अगर हम म्यांमार, गाजा, भारत या किसी अन्य जगह पर एक मुसलमान की तकलीफ से अनजान हैं, तो हम खुद को मुसलमान नहीं मान सकते।' खामेनेई के बयान पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम ईरान के सर्वोच्च नेता की भारत के अल्पसंख्यकों के बारे में की गई टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हैं। ये गलत सूचना पर आधारित और अस्वीकार्य हैं। अल्पसंख्यकों पर टिप्पणी करने वाले देशों को सलाह दी जाती है कि वे दूसरों पर टिप्पणी करने से पहले अपना रिकॉर्ड देख लें।'



खामेनेई ने पहले कब की भारत पर टिप्पणी?

अगस्त 2019 में खामेनेई ने ट्विवटर पर एक पोस्ट में मुसलमानों की स्थिति के बारे में चिंता जताई थी।

भारत सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्ज को खत्म कर दिया था।

# मंगल के अंदर वैज्ञानिकों को मिला रहस्यमय ढांचा, लाल ग्रह में बड़ी हलचल, क्या फटने वाला है सबसे बड़ा ज्वालामुखी?

**वॉशिंगटनः वैज्ञानिकों** और स्पेस एजेंसियों के लिए मंगल ग्रह लगातार दिलचस्पी लगातार बढ़ती रही है। मंगल ग्रह को लेकर वैज्ञानिक लगातार शोध कर रहे हैं। ऐसे ही एक शोध में हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। मंगल ग्रह के नीचे उस जगह शोधकताओं को एक विशाल छिपी संरचनाओं को पता चला है, जहां कभी एक प्राचीन महासागर हुआ करता था। साइंस अलर्ट में प्रकाशित शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशनों और एडवांस मॉडलिंग से मिले डेटा को मिलकार यह खोज की है। डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के बार्ट रूट ने बर्लिन ने यूरोप्लेनेट साइंस कांग्रेस में शोध के नतीजों को प्रस्तुत किया है, जो इस ग्रह के रहस्यमय अंदरूनी भाग के बारे में दिलचस्प जानकारी देते हैं।



ग्रह के अंदर दबा है ज्वालामुखी

डॉ. रूट ने कहा, 'ये सघन संरचनाएं मूल रूप से ज्वालामुखी हो सकती हैं या प्राचीन प्रभावों से संकुचित सामग्री हो सकती हैं।' शोधकताओं ने ग्रह के उत्तरी ध्रुवीय कैप के पास अलग-अलग आकार की लगभग 20 विशेषताओं की पहचान की है। ग्रह की सतह पर इन विशेषताओं का कोई सबूत नहीं मिलता है। डॉ. रूट ने बताया कि गुरुत्वाकर्षण डेटा मंगल के उत्तरी गोलार्द्ध की एक दिलचस्प झलक प्रदान करता है। शोधककताओं ने मंगल की आंतरिक संरचना को जानने के लिए अनोखा तरीका अपनाया।

इसके लिए उपग्रहों की कक्षाओं में सूक्ष्म विचलन का विश्लेषण करके ग्रह के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र की जांच की। इसने ग्रह के आंतरिक द्रव्यवान के बारे में जानकारी दी। इस डेटा के साथ नासा के इनसाइट मिशन से नए निष्कर्षों को शामिल किया गया। इसमें मंगल की पपड़ी की मोटाई और लचीलापन, ग्रह के मेंटल की गतिशीलता और गहरी अंदरूनी प्रक्रिया शामिल है।

मंगल ग्रह पर जीवन का मिला सबूत! नासा के रोवर ने कर डाली सबसे बड़ी खोज

ऊपर की ओर उठ रहा ज्वालामुखी

अध्ययन ने मंगल ग्रह पर मौजूद सौरमंडल के सबसे बड़े ज्वालामुखी ओलिंपस मॉन्स के अंदर के बारे में भी नई जानकारी दी है। टीम ने लगभग 1750 किलोमीटर चौड़ी एक विशाल, हल्की संरचना की खोज की है जो सतह से 1100 किलोमीटर नीचे स्थित है। यह ज्वालामुखी के अंदरूनी हिस्से को ऊपर की और उभार रही है।

ग्रह के आंतरिक भाग में अभी भी हलचल का अनुभव हो रहा है। हालांकि इस समय लाल ग्रह पर कोई सक्रिय ज्वालामुखी नहीं है, लेकिन शोध बताता है कि कि थारिस क्षेत्र में अतीत में फिर से ज्वालामुखी उभरे हैं। इसका मतलब है कि मंगल ग्रह पर ज्वालामुखी पहले की तुलना में अधिक सक्रिय हो सकता है।

# चीनी नौसेना जहाज 'पीस आर्क' चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए कांगो पहुंचा

**बीजिंग। चीनी** नौसेना का "पीस आर्क" चिकित्सा जहाज "हार्मनी मिशन-2024" मिशन को लेकर कांगो (ब्रेजाविल) पहुंचा और अपनी सात दिवसीय सद्भावना यात्रा शुरू कर चिकित्सा सेवाएं प्रदान की।

2017 में "हार्मनी मिशन" के दौरान अपनी यात्रा के बाद चिकित्सा जहाज "पीस आर्क" की कांगो (ब्रेजाविल) की यह दूसरी यात्रा है। कांगो (ब्रेजाविल) ने पॉइंट-नोइरे बंदरगाह पर चिकित्सा जहाज "पीस आर्क" के लिए एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया।




यात्रा के दौरान, "पीस आर्क" चिकित्सा जहाज मुख्य रूप से इलाज के लिए आने वाले मरीजों के निदान और उपचार के लिए मुख्य मंच का उपयोग करेगा, साथ ही संयुक्त निदान और उपचार के लिए विशेषज्ञ टीमों और गश्ती टीमों को स्थानीय अस्पतालों में भेजेगा। इस वर्ष चीन और कांगो (ब्रेजाविल) के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ है।

सितंबर में चीन-अफ्रीका सहयोग मंच का पेइचिंग शिखर सम्मेलन भव्य रूप से आयोजित हुआ। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने सर्वसम्मति से दोनों देशों के बीच सर्वांगीण रणनीतिक साझेदारी संबंध को और गहरा करने, उच्च स्तरीय साझा भविष्य समुदाय के निर्माण में तेजी लाने और अपने-अपने आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया, ताकि सक्रिय रूप से मानव जाति के लिए साझा भविष्य समुदाय के निर्माण में योगदान दिया जा सके।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# जब भी काम से ब्रेक मिले तभी...

**मॉस्कोः रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश के युवाओं से कहा है कि काम के बीच मिलने वाले समय का इस्तेमाल शारीरिक संबंध बनाने के लिए करें। पुतिन ने रूसियों से अपील की है कि कार्यस्थलों पर दोपहर के भोजन और कॉफी ब्रेक के दौरान वक्त मिलने पर संबंध बनाएं। व्लादिमीर पुतिन ने देश की गिरती जन्म दर की वजह से गहराते संकट को दूर करने के प्रयास के तहत ये अपील की है। पुतिन ने कहा कि देश के सामने इस समय एक संकट है, हम आबादी की कमी से जूझ रहे हैं और इससे निपटने के लिए युवाओं को ज्यादा बच्चे पैदा करने की तरफ ध्यान देना चाहिए।

मेट्रो की एक रिपोर्ट के अनुसार, रूस में प्रजनन दर यानी महिला के अपने जीवन में बच्चे पैदा करने की दर 1.5 है। एक देश की जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए ये दर 2.1 होनी चाहिए। इससे कम होने पर आबादी घटने लगती है। ऐसे में रूस की आबादी तेजी से घट रही है। इसने देश की सरकार के सामने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। एक तरफ कम बच्चे पैदा कर रहे हैं तो दूसरी ओर यूक्रेन से युद्ध की वजह से भी बड़ी तादाद में रूसी युवाओं ने देश छोड़ा है।

# नाइजीरिया को भारत से मिलेंगे प्रंचड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, बदल जाएगी अफ्रीकी देश की सेना की किस्मत

**अबुजाः नाइजीरिया** की सरकार बेंगलुरू स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से चार लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) खरीदने की योजना बना रही है। नाइजीरिया सॉफ्ट क्रेडिट व्यवस्था के जरिए एलसीएच खरीदने वाला पहला देश बनने जा रहा है, जो उसकी सैन्य क्षमताओं में अहम बढ़ोतरी करेगा। यह अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारी के लिहाज से एक अहम कदम है। साथ ही नाइजारिया की अपनी हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश को भी दिखाता है। नाइजीरियाई सरकार की पहले के साथ-साथ ये एचएएल की रणनीतिक पहुंच भी इस समझौते से दिखती है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, नाइजीरियाई सेना के अधिकारियों ने रोटरी विंग अकादमी में एचएएल के ध्रुव हेलीकॉप्टरों के लिए ट्रेनिंग पूरी कर ली है। फिलहाल एचएएल और नाइजीरियाई अधिकारियों के बीच चर्चा चल रही है और जल्द ही इससे जुड़े समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एलसीएच, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव का एक वेरिएंट है। इसमें स्टील्थ तकनीक, बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली और क्रैश-योग्य लैंडिंग गियर जैसी कई मॉर्डन फैसिलिटी हैं।



युद्ध के मैदान में खास हो जाता है ये हेलीकॉप्टर

लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर को युद्ध की स्थिति बेहतर काम करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इसका डिजाइन इसे गतिशीलता और एक बड़ी ऑपरेटिंग रेंज प्रदान करता है, जो इसे युद्ध, बचाव (सीएसएआर), दुश्मन की वायु रक्षा को नष्ट करने (डीईएडी) और आतंकवाद विरोधी अभियानों जैसी विभिन्न भूमिकाओं के लिए उपयुक्त बनाता है।